''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 57 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए बुधवार, 26 फरवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## निकाय चुनाव के बाद विकास की रफ्तार तीन गुना होगी : विपुल गोयल

### मेयर प्रत्याशी प्रवीण जोशी एवं सभी पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में किया पूरे दिन प्रचार



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने मंगलवार को फरीदाबाद नगर निगम चुनाव के प्रचार अभियान में भाग लिया और विभिन्न वार्डों में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मेयर प्रत्याशी श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी एवं भाजपा के विभिन्न पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में जनता से भारी मतदान की अपील की।

**सेक्टर 8 में जोरदार जनसभा, भाजपा की ऐतिहासिक जीत का दावा**

सेक्टर 8, वार्ड 39 में आयोजित जनसभा में विपुल गोयल ने भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण जोशी एवं पार्षद प्रत्याशी श्रीमती रूमा नंबरदार के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा की विकास योजनाओं से भली-भांति परिचित है और इस बार सभी पिछले रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए भाजपा प्रत्याशी भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे।

**पुरन एन्क्लेव में जनता से संवाद, ट्रिपल इंजन सरकार पर जोर**

वार्ड 32 के पुरन एन्क्लेव में आयोजित सभा में विपुल गोयल ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में विकास की गति दोगुनी हुई है, और अब निकाय चुनाव के बाद यह रफ्तार तीन गुना हो जाएगी। उन्होंने वार्ड 32 से पार्षद प्रत्याशी विनोद भाटी के पक्ष में जनता से मतदान की अपील की।

**वार्ड 37 में भाजपा के लिए समर्थन की अपील**

वार्ड 37 में आयोजित जनसभा में विपुल गोयल ने मेयर प्रत्याशी प्रवीण जोशी के साथ मिलकर पार्षद प्रत्याशी मुकेश अग्रवाल के समर्थन में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार फरीदाबाद को समृद्ध और आधुनिक शहर बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**2 मार्च को 'कमल' के पक्ष में मतदान करें: विपुल गोयल**

विपुल गोयल ने अपने संबोधन में जनता से अपील की कि 2 मार्च को ईवीएम में कमल का बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने स्वच्छता, जल निकासी, सड़कों के उन्नयन, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट, आधुनिक लाइब्रेरी और बेहतर नागरिक सुविधाओं के लिए कई संकल्पों को तेज गति से पूरा करेगी।

**मंगलवार को प्रचार अभियान रहा तेज**

खबर लिखे जाने तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार को विपुल गोयल फरीदाबाद विधानसभा के सभी 8 वार्डों में भाजपा के प्रचार अभियान का नेतृत्व करेंगे। वह वार्ड 33 में ज्योति सिलानी, वार्ड 35 में सचिन शर्मा, वार्ड 31 में शैफाली सिंगला, वार्ड 36 में निर्विरोध पार्षद कुलदीप सिंह साहनी के साथ मेयर प्रवीण जोशी के लिए, और वार्ड 14 में नरेश नंबरदार के समर्थन में प्रचार करेंगे। भाजपा समर्थकों का कहना है कि विपुल गोयल के नेतृत्व में भाजपा प्रत्याशी इस बार ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे और फरीदाबाद के समावेशी विकास को नई दिशा देंगे।

## फरीदाबाद में भाजपा को सबसे बड़ी जीत दें : अरविंद शर्मा



### कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने मंत्री राजेश नागर के साथ तिगांव विधानसभा क्षेत्र में किया जनसंपर्क

### भाजपा के निगम पार्षद प्रत्याशियों एवं मेयर की जीत के लिए मांगे वोट

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** नगर निगम चुनाव में भाजपा के मेयर एवं पार्षद प्रत्याशियों के लिए आज कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने वोट मांगे। उनके साथ मंत्री एवं स्थानीय विधायक राजेश नागर भी मौजूद रहे। अरविंद शर्मा ने कहा कि अपना एक-एक वोट भाजपा के प्रत्याशियों को दें जिससे कि वह प्रदेश की सबसे बड़ी जीत दिला सकें।

इस अवसर पर अरविंद शर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में फरीदाबाद लोकसभा से मंत्री बने तीन इक्को की खूब चर्चा है। उन्होंने जनता से अपील की कि आप लोग भाजपा के प्रत्याशियों को भारी वोट देकर जीत दिलाए बाकी का काम यह तीनों मंत्री करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि नेता आते जाते रहते हैं लेकिन पार्टी हमेशा रहती है जब भी बात चलेगी तो जो सरकार के कार्यकाल में कार्य हुए होंगे उसी को उसका क्रेडिट दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मैं तीन-तीन जगह से लोकसभा का चुनाव जीता लेकिन मैंने जितना काम भाजपा सरकार में करवाया उतना पहले कभी नहीं हो सका। भाजपा विकास को पसंद करने वाली अंत्योदय को साकार करने वाली पार्टी है। आप उसका साथ दें आप फरीदाबाद से भाजपा मेयर प्रत्याशी को इतने वोट दिला दें कि पूरे देश का रिकॉर्ड टूट जाए। इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने कहा कि अब हम तीन मंत्री नहीं चार हो गए हैं उन्होंने कहा कि पहले हम एक एक एक यानी 111 कहा करते थे, लेकिन अब हम चार एक हो गए हैं यानी अब 1111 की संख्या बन गई है। उन्होंने कहा कि विकास में न कोई कमी है और ना रहेगी।

## ब्राह्मण समाज ने देश और प्रदेश के विकास में सदा अपना योगदान दिया : पंडित मोहन लाल बड़ौली

### निकाय चुनाव में कांग्रेस सिर्फ औपचारिकता निभा रही है : बड़ौली

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में भाजपा प्रत्याशी माफी ढांडा को ब्राह्मण समाज ने दिया समर्थन



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़/कुरूक्षेत्र।** नगरपरिषद चेयरमैन की उम्मीदवार भाजपा प्रत्याशी माफी ढांडा के समर्थन में आयोजित ब्राह्मण सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने सभी भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट देने की अपील की। श्री बड़ौली ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने देश और प्रदेश के विकास में सदा ही अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को जीताकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में मदद करें। इस मौके पर ब्राह्मण समाज ने भी खुलकर भाजपा का समर्थन किया और वादा किया कि निकाय चुनाव में वे भाजपा उम्मीदवारों को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाएंगे। इस अवसर पर श्री बड़ौली ने निर्विरोध चुने गए भाजपा प्रत्याशियों की पीठ थपथपाई और लोगों का आभार भी जताया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूरे प्रदेश में वातावरण भाजपा के पक्ष में बना हुआ है, जनता ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर प्रदेश के विकास में सहयोगी की भूमिका निभाने को तैयार है। आने वाली 2 मार्च को सभी कमल के फूल के निशान पर वोट देकर विकसित भारत और विकसित हरियाणा बनाने में मदद करें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की जनता का कांग्रेस से विश्वास उठ चुका है और अब कांग्रेस के पास कुछ नहीं बचा। निकाय चुनाव में कांग्रेस सिर्फ औपचारिकता निभा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों पर जनता का भरोसा है, इसलिए विधानसभा चुनाव में भी लोगों ने तीसरी बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का काम किया।

श्री बड़ौली ने कहा कि प्रदेश का विकास तेज गति से हो और सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले इसके लिए ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में जो संकल्प पत्र जारी किया उसे गारंटी के साथ पूरा कर रही है। ब्राह्मण सम्मेलन में आए लोगों को भरोसा देते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है। भाजपा ने नगर निकाय चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी किया है उसे भी धरातल पर गारंटी के साथ पूरा किया जाएगा।

श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार बिना भेदभाव किए प्रदेश का विकास कर रही है और हर वर्ग को साथ लेकर चल रही है। भाजपा सरकार में ही युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरियां दी जा रही है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि भाजपा के सभी प्रत्याशियों को विजयी बनाकर कुरूक्षेत्र और प्रदेश के विकास में सहयोग करें। इस मौके पर वेदपाल एडवोकेट, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, जिला अध्यक्ष सुशील राणा, प्रदेश सचिव राहुल राणा, रवि बतान, जिला महामंत्री गजेंद्र गोल्डी, रविन्द्र सांगवान, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शैलेस वत्स, विक्रम शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोगा उपस्थित रहे।

## जनता का सरकार के प्रति बढ़ा विश्वास : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी





### वर्तमान राज्य सरकार बिना पर्ची-बिना खर्ची युवाओं को दे रही नौकरी

### विकास को लेकर सरकार का विजन और नीति स्पष्ट - मुख्यमंत्री

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने विधानसभा चुनावों के दौरान नौकरी बेचने की बातें कही थी, जिससे युवाओं के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और जनता ने कांग्रेस को रिजेक्ट किया। जबकि वर्तमान राज्य सरकार ने बिना पर्ची-बिना खर्ची के पारदर्शिता के आधार पर मेरिट पर युवाओं को नौकरी देने का काम किया है। आज युवाओं का सरकार के प्रति भरोसा बढ़ा है और यह वातावरण बना है कि जो योग्य होगा वो नौकरी पाएगा। मुख्यमंत्री मंगलवार को पानीपत में आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थितजन को संबोधित कर रहे थे।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विधानसभा चुनावों के समय जब युवाओं को नौकरी देने की प्रक्रिया चल रही थी, तो कांग्रेस के नेता चुनाव आयोग के पास चले गए और भर्ती प्रक्रिया को रुकवा दिया। लेकिन मैंने अपना वादा पूरा करते हुए मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले 25 हजार से ज्यादा युवाओं को ज्वाइनिंग देने का काम किया।

उन्होंने कहा कि पानीपत एक धार्मिक, ऐतिहासिक, औद्योगिक और व्यावसायिक नगरी है और इसी को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र में लगातार विकास कार्य तीव्र गति से करवाए जा रहे हैं, ताकि विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लोगों को सरकार की योजनाओं के साथ-साथ विकास का भी लाभ मिल सके।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि पानीपत क्षेत्र में उद्योग की अपार संभावनाएं हैं और एमएसएमई उद्योग इस दिशा में बेहद कारगर साबित हो सकते हैं। सरकार ने एमएसएमई उद्योग को बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर एप्रोच पर चलते हुए एक ब्लॉक एक उत्पाद की अवधारणा को लागू किया है, ताकि व्यापार को बढ़ावा मिल सके।

**जनता की समस्याओं का समाधान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना सरकार का दायित्व है और ये हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी को लेकर सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जनता की शिकायतों का समाधान तय समय में किया जाए। इसी कड़ी में सभी उपायुक्त हर रोज सुबह 2 घंटे समाधान शिविरों में जनता की समस्या सुनते हैं और समाधान भी करते हैं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी लगातार इन समाधान शिविरों की समीक्षा करते हैं और लोगों से बात भी करते हैं।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल से केंद्र सरकार ने देश को मजबूत किया है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार जनकल्याण के लिए कार्य कर रही है। राज्य सरकार लगातार संकल्प पत्र के वायदों को पूरा करने का काम कर रही है। सरकार के 100 दिनों के भीतर ही किडनी रोगियों को मुफ्त डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है। आज 15 लाख से ज्यादा महिलाओं को 500 रुपए में सिलेंडर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पंचायती भूमि पर मकान बनाकर रह रहे लोगों को मालिकाना हक देने का काम किया है।

**विकास को लेकर सरकार का विजन और नीति स्पष्ट**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा और केंद्र में डबल इंजन की सरकार चल रही है, जो हरियाणा में हर क्षेत्र का समान विकास सुनिश्चित कर रही है और अब जल्द ही ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से धरातल पर विकास कार्य और तेज गति से होंगे। वर्तमान सरकार के प्रति जनता में उत्साह और भरोसा है। विकास को लेकर सरकार का विजन साफ है और नीति स्पष्ट है। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में जिस प्रकार जनता से अपना विश्वास व्यक्त किया है, उसी प्रकार छोटी सरकार के प्रति भी जनता में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

कार्यक्रम में विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री श्री महिपाल ढांडा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री मोहन लाल बडौली, विधायक श्री प्रमोद विज, श्री मनमोहन भड़ाना सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## वार्ड नंबर 42 की जनता बोली हमारी पसंद तो दीपक यादव है

### जैसे भरत ने श्रीराम की अनुपस्थिति में अपने राज्य की सेवा की थी ठीक वैसे ही मैं इस वार्ड की सेवा करूँगा और वार्ड 42 को जनरल करवा कर जनता को सौंपने का काम करूँगा।




**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** बल्लभगढ़ नगर निगम चुनाव को लेकर अब बस कुछ ही समय बाकी है वहीं चुनावों को लेकर जहां सभी वार्डों के प्रत्याशी तैयारी में लगे हुए हैं। वहीं वार्ड नंबर 42 से दीपक यादव जनता की पहली पसंद बन गये है। जनता अपने द्वारा चुने हुए नेता को जिताने की तैयारी में लगे हुए है। कुछ लोगों का कहना है की वार्ड की जनता के साथ वर्तमान में चल रही सरकार ने सीट आरक्षित कर के धोखे का काम किया है।जिस कारण दीपक यादव सब की पहली पसंद बन चुके हैं।इस मौके पर जब दीपक यादव से बात करी गई तो उन्होंने कहा जिस तरह से वार्ड के लोगों ने मुझ पर अपना भरोसा जताया है मैं उस पर खरा उतरूंगा। जैसे भरत ने श्रीराम की अनुर्सपिथिति में अपने राज्य की सेवा की थी ठीक वैसे ही मैं वार्ड 42 की भरत की तरह सेवा करूँगा और वार्ड 42 को जनरल करवा कर वार्ड को जनता को सौंपने का काम करूँगा। बल्लभगढ़ की जनता ने मुझ पर जो विश्वास किया है उसे मैं टूटने नहीं दूंगा। और उनके बीच में रहकर उन सभी समस्याओं का समाधान भी करूंगा जिन से वार्ड के सभी लोग परेशान है। हमारा पूरा परिवार सदा से जनता की सेवा करता आया है और आगे भी करता रहेगा।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोटः मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

**राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार**

**समाचार गेट**

**में खबरों व विज्ञापन के लिए संपर्क करें :**

नरवीर यादव 9212339503

जितेंद्र मोर 9999263485

कृष्णा शर्मा 9818180269

सुमित गोयल 9212213121

samachargate@gmail.com

# लखनऊ में ममता बनर्जी का फूंका पुतला

## महाकुंभ को 'मृत्युकुंभ' कहना आस्था के खिलाफ; घुसपैठियों के वोट से बनी सीएम को हटाया जाए

**लखनऊ।** में विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ता उनके बयान से नाराज हैं। इसी बात को लेकर कार्यकताओं ने विशाल खंड चौराहे तक विरोध मार्च निकाला। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में निकाले गए विरोध मार्च में ममता बनर्जी मुदार्बाद के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा- ममता बनर्जी ने महाकुंभ को 'मृत्यु कुंभ' कहा है। यह हिंदू आस्था के खिलाफ है। सनातन के खिलाफ बोलने वालों को माफ नहीं किया जाएगा। गोपाल राय ने कहा कि मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए सनातन धर्म का विरोध कर रही हैं। प्रयागराज महाकुंभ में करोड़ों की संख्या में हिंदू धर्म के लोग आस्था की डुबकी लगाकर खुद को सौभाग्यशाली समझ रहे हैं। उसी आस्था के कुम्भ को 'मृत्यु कुंभ' कह कर पूरे देश के हिंदुओं का अपमान किया है। सनातन धर्म से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति में आक्रोश है। महाकुंभ सनातन संस्कृति और आस्था का सबसे बड़ा पर्व है। गोपाल राय ने कहा कि ममता बनर्जी हिंदू विरोधी हैं। हिंदू धर्म में पैदा होने के बाद भी सनातन का अपमान कर रही है यह चिंता



जनक है। देश विदेश के 60 करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान करके पुण्य हासिल किया। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मांग करते हैं कि इनको तत्काल गिरफ्तार करके सरकार को बर्खास्त किया जाए। गोपाल राय ने कहा- बांग्लादेश के घुसपैठियों को ममता बनर्जी संरक्षण दे रही है। उन्हें अपने यहां रखकर मतदाता सूची में नाम डलवा कर वोट ले रही हैं। उनका समर्थन हासिल करने के लिए यह हिंदू विरोधी हो गई है। हिंदुओं का वोट ममता बनर्जी को मिलता नहीं है।

अब जब चुनाव होगा उनकी सरकार समाप्त हो जाएगी। उससे पहले हमारी मांग है कि सरकार को बर्खास्त किया जाए। संबंधित मामले को लेकर ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेश भर में इनके खिलाफ मुहिम चलाई जाएगी।

## रालोद की बैठक में सांगठनिक मजबूती पर हुई चर्चा

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय लोकदल की एक बैठक दुदही में संपन्न हुई। जिसमें पार्टी की मजबूती पर चर्चा की गई और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए रात्रि चौपाल के आयोजन का निर्णय लिया गया। मंगलवार को जिला सचिव श्रीनिवास गुप्ता के आवास पर हुई बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव सिया शरण पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल गांव, गरीब, किसान, मजदूर की पार्टी है। पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की नीतियों पर चलते हुए हर व्यक्ति को सरकार की बुनियादी योजनाओं का लाभ दिलाने का काम कर रही है। उन्होंने सांगठनिक मजबूती पर जोर दिया ताकि पार्टी पंचायत चुनाव में मजबूती से प्रदर्शन करे। अध्यक्षता करते हुए रालोद जिलाध्यक्ष विनोद प्रताप कुंवर ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की मजबूती के लिए कार्यकर्ता और पदाधिकारी जी जान से लगाकर काम करें और लोगों की समस्याओं का समाधान का प्रयास करें। इस दौरान राकेश उपाध्याय, अमरनाथ जायसवाल, मायानंद सिंह, धर्मेंद्र राजभर, पंकज पासवान, सुभाष राजभर, अमिताभ अंसारी, श्रीमती नैना देवी, श्रीमती गैसा देबी, श्रीमती जशोदा देवी, ब्रजेश मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, जय राम कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।

## टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में आमजन करे सहयोग-डॉ एस एन त्रिपाठी





**कुशीनगर।** जिला क्षयरोग केंद्र के परिसर में मंगलवार को 37 टीबी रोगियों में प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली वितरित किया गया। जिसमें आईएमए द्वारा 27 मरीजों को चौथे माह की तथा ऐष्प्रा के मालिक उमंग खेतान द्वारा 3 मरीजों को तीसरे माह का तथा प्रवासी मदद फाउंडेशन द्वारा 6 मरीजों को दूसरे माह तथा एक मरीज को प्रथम माह की पोटली दी गयी। प्रभारी सीएमओ एवं डीटीओ डॉ एस एन त्रिपाठी ने कहा कि जनपद को टीबी मुक्त बनाने के लिये आमजन का सहयोग जरूरी है। सामुहिक प्रयास से ही टीबी रोग को समाप्त कर सकते है। आईएमए के पूर्व सचिव डॉ अजय शुक्ला ने कहा कि टीबी रोगी दवा के साथ पौष्टिक आहार लेने से मरीज शीघ्र स्वस्थ हो रहे है। हम सभी के भागीदारी से ही जनपद टीबी मुक्त हो सकता है। कार्यक्रम को प्रवासी मदद के सदस्य सन्दीप मिश्र एवं एसटीएलएस विशाल जयसवाल ने भी सम्बोधित किया। संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। अतिथियों का स्वागत डीपीसी अनुपम मिश्र तथा आभार ज्ञापन पीपीएम नितेश राय ने किया। इस दौरान एसटीएस सन्दीप मौर्या, लेखाकार कमलशंकर पांडेय, राकेश सिंह, सूर्या शर्मा, उमंग खेतान, प्रवासी मदद फाउंडेशन के अविनाश पिंटू बाबू,गौरव मिश्र, जावेद अख्तर उपस्थित रहे।

## वकीलों का विरोध प्रदर्शन अधिवक्ताओं ने ट्रेजरी और रजिस्ट्री कार्यालय कराया बंद



**संतकबीरनगर ।** में अधिवक्ता बिल संशोधन के विरोध में वकीलों ने कामकाज ठप कर दिया। सिविल बार और जनपद बार एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने दीवानी कचहरी से जुलूस निकाला। प्रदर्शनकारी वकील एसपी कार्यालय होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने ट्रेजरी और रजिस्ट्री कार्यालय को बंद करवा दिया। वकीलों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया। सिविल बार एसोसिएशन के धीरेन्द्र कुमार मिश्रा और जनपद बार एसोसिएशन के शशि कुमार ओझा ने कहा कि प्रस्तावित कानून वकीलों के हितों को प्रभावित करेगा। यह अधिवक्ताओं की एकता और संवैधानिक अधिकारों का हनन करने वाला है। सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री राकेश मिश्रा ने चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि परिषदों में निर्वाचित सदस्यों के अलावा किसी को शामिल न किया जाए। लोकतांत्रिक स्वरूप को बनाए रखा जाए। उन्होंने मांग की कि परिषदों के सदस्यों पर सुझाए गए संशोधन को तुरंत वापस लिया जाए। साथ ही चेताया कि ऐसा न होने पर सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## केंद्र और प्रदेश की सरकार जनहित के मुद्दे पर लोकतंत्र की जनता के साथ धोखा कर रही है






**कुशीनगर।** जातीगत जनगणना से लेकर संविधान के साथ यह सरकार खिलवाड़ करने का कार्य कर रही है, पहले ग्रामीणों को राशन की दुकान पर चीनी , गेंहू, चावल, मिट्टी का तेल मिलता था लेकिन जब से भाजपा की सरकार सत्ता में आई है तब से राशन की दुकान से मिट्टी का तेल गायब हो गया है। पिछले सरकारों में गरीब वर्ग के बेटियों की शादी के लिए अनुदान दिया जाता था लेकिन इस सरकार में जिले पर एकत्रित कर शादियां की जा रही है जिससे कुछ ऐसे गरीब परिवार के लोग है जिन्हें जिले पर जाकर बेटियों की शादी करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यदि मैं विधान सभा से चुनाव जीत कर गया होता तो आप लोगो की आवाज को उठता और समस्याओं का समाधान करता। उक्त बाते समाजवादी पार्टी के विधान सभा कुशीनगर के पूर्व प्रत्यासी राजेश प्रताप राव ऊर्फ बंटी राव ने लोगो को संबोधित करते हुए कही। श्री राव मल्लूडीह में सपा नेता अमेरिकन खरवार के दरवाजे पर पीडीए की बैठक को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने आयुष्मान कार्ड सहित वर्तमान की सरकार की कमियों को गिनाते हुए कहा कि यह सरकार जनता को मूर्ख बना रही है। कार्यक्रम को आशिक अली, जाहिद अंसारी, निजामुद्दीन खा, अमेरिकन खरवार ने भी संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधान सभा कुशीनगर के अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने लोगो से कहा की जब सपा की सरकार आएगी तो जनता खुशहाल होगी। इस दौरान ताजिर हुसैन, किशोर प्रसाद, विनोद कुशवाहा, पुरुषोत्म कुशवाहा, दीनानाथ पासवान, दूधनाथ कुशवाहा, मोतीचंद, कैलाश कुशवाहा, हरिनारायण कुशवाहा, तेजू कुशवाहा सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टीजन और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विरासत गलियारे का काम तेज होली से पहले चौड़ी होगी सड़क



**गोरखपुर।** में धर्मशाला बाजार से पांडेयहाता तक बन रहे विरासत गलियारे के तहत होली से पहले सड़क चौड़ीकरण का काम तेज किया जाएगा। इस मार्ग से भगवान नरसिंह की शोभायात्रा और रंगभरी शोभायात्रा निकलेगी, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। प्रशासन ने शोभायात्रा से पहले इस पूरे मार्ग को व्यवस्थित करने के लिए मकानों की रजिस्ट्री और ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने का फैसला किया है। 3.5 किमी लंबी सड़क होगी 12.5 मीटर चौड़ी धर्मशाला बाजार पुल से नार्मल तिराहा तक 3.5 किमी लंबी सड़क बनाई जा रही है, जिसकी चौड़ाई 12.5 मीटर होगी। इसमें सात मीटर सड़क और दोनों ओर 2.5-2.5 मीटर में नाली व अंडरग्राउंड केबल डक्ट बनाया जाएगा। इस डक्ट को फुटपाथ के रूप में भी इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे राहगीरों को परेशानी न हो। रजिस्ट्री के बाद तेजी से गिराए जा रहे दुकान-मकान धर्मशाला बाजार में रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी होने के बाद दुकान-मकानों को तेजी से गिराया जा रहा है। अब घंटाघर से नार्मल तिराहा तक के मकान मालिकों से रजिस्ट्री कराने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। प्रशासन ने अगले एक सप्ताह में 200 और रजिस्ट्री पूरी करने का लक्ष्य तय किया है। अब तक 800 में से 275 दुकान-मकानों की रजिस्ट्री हो चुकी है। होली से पहले मार्ग को किया जाएगा दुरुस्त प्रशासन की योजना है कि होली से पहले इस मार्ग को पूरी तरह से व्यवस्थित कर दिया जाए, ताकि शोभायात्रा के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत न हो। सड़क के चौड़ीकरण के साथ बिजली और टेलीफोन के तारों को अंडरग्राउंड किया जाएगा, जिससे मार्ग पूरी तरह से खुला और सुगम रहे। अधिकारियों ने लोगों से जल्द रजिस्ट्री कराने की अपील की अधिशासी अभियंता अरविंद सिंह ने लोगों से जल्द रजिस्ट्री कराने की अपील की है, ताकि त्योहार से पहले सड़क चौड़ीकरण का काम पूरा किया जा सके।

## ममता बनर्जी का पुतला जलाया महाकुंभ को मृत्यु कुंभ कहने पर गुस्सा

### शव यात्रा निकालकर रामलीला मैदान पहुंचे





**गोंडा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा महाकुंभ को मृत्यु कुंभ कहने के विरोध में गोंडा में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकताओं ने आज विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने रामलीला मैदान मालवीय नगर में इकट्ठे होकर ममता बनर्जी की शव यात्रा निकाली। विहिप-बजरंग दल के नेता राकेश वर्मा (गुड्डू) के नेतृत्व में कार्यकताओं ने 'सनातन का अपमान बंद करो' और 'महाकुंभ का अपमान बंद करो' के



नारे लगाए। प्रदर्शनकारी हनुमानगढ़ी चौराहे पर पहुंचे, जहां उन्होंने ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। राकेश वर्मा ने कहा कि ममता बनर्जी अल्पसंख्यक वोटों के लिए तुष्टिकरण की राजनीति कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि धर्मनिरपेक्षतावादी दल सनातन समाज, परंपराओं और आयोजनों का अपमान कर रहे हैं। वर्मा ने चेतावनी दी कि अगर ममता बनर्जी ने अपने बयान पर माफी नहीं मांगी तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। बता दें कि ममता बनर्जी ने हाल ही में महाकुंभ को मृत्यु कुंभ बताते हुए कहा था कि इसमें लोगों की मौतें हो रही हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### सरकारी सस्ते राशन की दुकान निलंबित, दूसरे गांव से संबद्ध के निर्देश

**कुशीनगर।** जिले के कप्तानगंज विकास खण्ड के गांव पडौली सोनापाकड के सरकारी सस्ते राशन की दुकान की अनियमितता होने की सिकायत की जांच में शिकायत सही पाया गया। जिसको लेकर उप जिलाधिकारी कप्तानगंज ने सरकारी सस्ते राशन की दुकान को निलंबित करते हुए कोटेदार को निर्देश दिया गया है सभी कागजात और ई पास मशीन सहित सभी सामग्री जमा करने का निर्देश दिया गया है और उक्त ग्राम सभा की दुकान को दूसरे गांव में सम्बद्ध करने का आदेश दिया गया है बता दें कि उक्त ग्रामसभा निवासी विजय कुमार पांडेय द्वारा सोनापाकड में उचित सरकारी सस्ते राशन के दुकानदार रघुनाथ के खिलाफ मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी कि सभी कार्ड धारकों के साथ घटतौली और अभद्र व्यवहार किया जाता है। जिसकी मौके पर जाकर पूर्ति निरीक्षक कप्तानगंज द्वारा सभी कार्ड धारकों से शिकायत की जांच किया गया। जिसमें घटतौली और दुकान का साइन बोर्ड आदि न लगना पाया गया जिसको संज्ञान में लेते हुए उप जिलाधिकारी कप्तानगंज द्वारा उक्त दुकान को निलंबित करते हुए दूसरे ग्राम सभा में सम्बद्ध करने का आदेश दिया गया है।

### महाशिवरात्रि पर गोंडा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**गोंडा।** में महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सुबह 4 बजे से जिले के सभी प्राचीन और ऐतिहासिक शिवालयों में जलाभिषेक शुरू होगा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिले के 17 थानों से हजारों पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। मंदिरों की निगरानी सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से की जा रही है। सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। आईजी देवीपाटन रेंज अमित पाठक और एसपी विनीत जायसवाल ने ऐतिहासिक दुःखहरण नाथ मंदिर का दौरा किया। उन्होंने मंदिर के महंत से तैयारियों की जानकारी ली।आईजी अमित पाठक ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। पांडव कालीन पृथ्वीनाथ मंदिर, द्वापर कालीन दुःखहरण नाथ, करोहानाथ और बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर में हर वर्ष लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं अधिकारियों ने नगर कोतवाल को श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। महिला श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पूरे जिले में श्रद्धालु सुरक्षित रूप से शिवालयों में जाकर जलाभिषेक कर सकें, इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। वहीं आईजी देवीपाटन रेंज अमित पाठक ने बताया कि जिले के प्राचीन और ऐतिहासिक सभी मंदिरों में कल महाशिवरात्रि को लेकर के लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक करेंगे। सभी मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक इंतजाम किए गए हैं। महिला श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से भी नजर सभी मंदिरों पर रखी जा रही है। कहीं भी किसी भी प्रकार की दिक्कत श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के दौरान नहीं होने दी जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर भी नजर रखा जा रहा है अगर कोई सोशल मीडिया पर फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### 2 साल से जमीन सीमांकन को भटक रही महिला



**गोंडा।** के जानकी नगर की रहने वाली किरण देवी पिछले दो साल से अपनी दो बीघा जमीन के सीमांकन के लिए संघर्ष कर रही हैं। उन्होंने सदर तहसील में अधिकारियों से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई है। किरण देवी का आरोप है कि स्थानीय दबंग लोग उनकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। मामले में कोर्ट, डीएम और एसडीएम के आदेश के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जब भी सीमांकन के लिए टीम जाती है, दबंग लोग काम नहीं करने देते हैं। पीड़िता ने बताया कि लेखपाल भी जान के खतरे का हवाला देकर सीमांकन करने से मना कर देते हैं। अधिकारियों द्वारा कई बार जांच टीम बनाई गई, लेकिन राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचते। संपत्ति सुरक्षित कराने की मांग किरण देवी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की थी। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह अपने पूरे परिवार के साथ आत्महत्या कर लेंगी। पीड़िता ने कहा कि वह सिर्फ अपनी जमीन का सही सीमांकन चाहती हैं, ताकि उनकी संपत्ति सुरक्षित रहे। कई बार भेजी जा चुकी टीम वहीं जब पूरे मामले को लेकर के एसडीएम सदर से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि कई बार जांच टीम बनाकर सीमांकन के लिए लिए भेजा गया है। लेकिन क्या दिक्कत आ रही है एक बार फिर से जांच कर करके कार्रवाई कराई जा रही है। किसी भी प्रकार की पीड़िता को दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।

### मदरसा संचालन के विवाद में युवक की हत्या



**संतकबीर नगर।** में मदरसा संचालन को लेकर चल रहे विवाद में एक युवक की हत्या कर दी गई। खलीलाबाद थाना क्षेत्र के गणसरपार के पास मंगलवार दोपहर को यह घटना हुई। मृतक की पहचान भटपुरवा निवासी 28 वर्षीय हसीम अमानुल्लाह खान के रूप में हुई है। आरोपियों ने लाठी-डंडों और रॉड से हमला कर उनकी हत्या कर दी। स्थानीय लोग घायल हसीम को जिला अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के परिजन बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। उन्होंने सभी आरोपियों की गिरफ्तारी तक शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।

## संपादकीय

# सनातन विरोध की राजनीति कर अपनी ही जड़ उखाड रहे



**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

महाकुंभ केवल एक धार्मिक समागम ही नहीं है, यह भारत की संस्कृति का भी परिचायक एवं आत्मा है। इस बार महाकुंभ में जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वह अकल्पनीय है, विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित एवं नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन की कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। इस सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन से विपक्षी दल एवं नेता बौखलाये हुए हैं और अपने बेतूके एवं अनर्गल प्रलाप से न केवल इस आयोजन की सफलता-गरिमा को धुंधलाना चाहते हैं बल्कि सनातन संस्कृति का उपहास उड़ा रहे है। टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने महाकुम्भ को मृत्युकुम्भ कहा तो सपा सांसद जया बच्चन एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि शवों को गंगा में बहा दिया गया, लालू यादव कहते हैं फालतू है महाकुम्भ। इस प्रकार के गैर जिम्मेदाराना बयान सनातन धर्म के जुड़े हुए सबसे बड़े आयोजन के प्रति दिए गए हैं। ऐसे एवं कुछ अन्य विपक्षी नेताओं के भ्रामक, त्रासद एवं गुमराह करने वाले बयानों से वहां जाने वाले लोगों को भयभीत, आतंकित और आशंकित किया गया। इन विपक्षी नेताओं का एक वर्ग, धर्म का मखौल एवं उपहास उड़ाते हुए लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती हैं। यह समझ आता है कि कुछ तथाकथित प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्षतावादी लोगों को सनातन धर्म से जुड़ा हर पर्व और परंपरा रास नहीं आती, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या वे अन्य मतावलंबियों के ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों पर उसी तरह की टीका टिप्पणी करते हैं जैसी उन्होंने महाकुंभ को लेकर की। आखिर हिन्दू समाज अपने असतित्व एवं अस्मिता पर हो रहे इन हमलों एवं आघातों के लिये कब जागरूक एवं संगठित होगा?

प्रयागराज महाकुंभ 2001, इस सहस्त्राब्दी का पहला कुंभ था, जो एक दुर्लभ खगोलीय संयोग के चलते 144 साल बाद हुआ है। जिसमें लगभग 62 करोड़ से अधिक लोगों के स्नान, रहने, चिकित्सा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और सुरक्षा की शानदार एवं ऐतिहासिक व्यवस्थाएं करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने न केवल देश बल्कि दुनिया को चौंकाया है। यह दुनिया का पहला विशाल आयोजन है, जिससे भारत एवं सनातन धर्म का गर्व एवं गौरव दुनिया में बढ़ा है। बावजूद इसके विपक्षी नेता जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता, सनातन विरोधी मानसिकता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। वे तो इसलिए बोल रहे हैं कि वे बोल सकते हैं, उन्हें बोलने की आजादी है, लेकिन इसका नुकसान देश को भुगतना पड़ रहा है। विडम्बना देखिये कि इसका नुकसान उनको एवं उनके दल को भी हो रहा है। भारत में सनातन विरोध की राजनीति करके वे अपनी ही जड़े उखाड़ रहे हैं, यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है।

## जिलाधीश ने एचबीएसई भिवानी की परीक्षाओं के मद्देनजर जिला में परीक्षा केंद्रों पर लगाई धारा-163

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिलाधीश विश्राम कुमार मीणा ने हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से फरवरी व मार्च में आयोजित की जाने वाली माध्यमिक व वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाओं की एकेडमिक व ओपन की वार्षिक परीक्षाओं सहित डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष की रि-अपीयर परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर 27 फरवरी से 29 मार्च तक परीक्षा के दिन प्रातः 11:30 बजे से सायं 4:30 बजे तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश की ओर से जारी किए गए आदेश में जिला में स्थापित किए गए परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में अनावश्यक व्यक्तियों के मुक्त आवागमन पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया गया है। जिलाधीश की ओर से जारी आदेशों के तहत जिला में स्थापित परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में अनावश्यक व्यक्तियों के मुक्त आवागमन के साथ-साथ फोटोस्टेट मशीनों, जेरॉक्स मशीनों, फैक्स मशीनों, डुप्लीकेटिंग मशीनों और अन्य संचार गतिविधियों के संचालन। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में आग्नेयास्त्रों, तलवारों, गंडासी, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू जैसे (सिखों द्वारा धार्मिक प्रतीक के रूप में प्रयोग की जाने वाली कृपाण को छोड़कर) हथियारों को ले जाने पर पूरी तरह से रोक रहेगी। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों तथा सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। यदि कोई व्यक्ति इन आदेश के उल्लंघन का दोषी पाया जाता है, तो वह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 233 के तहत दंड का भागी होगा।

# चार दिन बाद नपा उम्मीद्वारों का भविष्य होगा ईवीएम में बंद

### चेयरमैन पद के लिए महिला प्रत्याशी दिनरात एक कर कर रही मतदाताओं से सीधा संवाद, एसडीएम ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना नगरालिका चुनाव में जोर अजमाइश कर रहे सभी 48 उम्मीद्वारों का भाग्य चार दिन बाद इवीएम में बंद होगा। जो होली त्योंहार की पूर्व संध्या पर खुलेगा। इस बार हो रहे नपा आम चुनाव में चेयरमैन पद के लिए सीधा चुनाव हो रहा है। ये पद महिला के लिए रिजर्व किया गया है। जिसे लेकर मैदान में डटी 7 महिलाएं दिनरात एक कर मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित कर रही हैं। आगामी 2 मार्च रविवार को होने वाले नगरपालिका कनीना के चुनाव को लेकर चेयरमैन पद के लिए 7 महिला उम्मीद्वार सुमन देवी, सरिता सिंह, कुसुमलता, रिंपी कुमारी, संतोष देवी, सबिता देवी व सुमन में मुकाबला माना जा रहा है। इनके अलावा 14 वार्डों से 41 प्रत्याशी पार्षद पद के लिए जोर अजमाइश कर रहे हैं। पांच वार्डों वार्ड नम्बर एक, दो, आठ, 11 व 14 वार्डों में दो-दो प्रत्याशी रहने से उनमें मुकाबला रहने की संभावना है। कनीना नगर पालिका चुनाव के लिए 6 जनवरी को अंतिम तिथि मानकर मतदाता सूचि तैयार की गई जिसके मुताबिक 14 वार्डों में कुल 10413 मतदाता शामिल हैं जो चेयरमैन सहित वार्ड पार्षदों का चयन करेगें। वार्ड नम्बर एक में सबसे कम 648 मतदाता है वहीं वार्ड दो में सबसे अधिक मतदाता 877 हैं। वार्ड एक में 648, दो में 877, तीन में 869, चार में 658, पांच में 794, छह में 687, सात में 797, आठ में 798, नो में 727, दस में 664, 11 में 663, 12 में 813, 13 में 770 तथा 14 में 649 मतदाता शामिल हैं।






**राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में बनाया गया स्ट्रांग रूम**

चुनाव के लिए राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में स्ट्रांग रूम स्थापित किया गया है। जहां मंगलवार को ईवीएम मशीनों सहित चुनावी सामग्री रखी गई है। 27 फरवरी को पोलिंग पार्टियों की रिहर्सल भी यहीं पर कराई जाएगी। एक मार्च को पोलिंग पार्टियों को यहीं से ईवीएम जारी की जाएगीं तथा चुनाव के बाद यहीं पर रखी जाएगीं। 12 मार्च को सुरक्षा के बीच मतगणना की जाएगी। चुनाव अधिकारी एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत, एआरओ नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल, चुनाव कानूनगो पूनम, विक्रम सिंह की ओर से स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया।

**शांतिपूर्वक चुनाव के लिए प्रशासन तैयार**

नगरपालिका प्रशासक एवं आरओ एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने कहा कि नपा के शांतिपूर्वक चुनाव करवाने के लिए प्रशासन तैयार है। आदर्श चुनाव आचार संहित का पालन करते हुए चुनाव की प्रक्रिया को पूरा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को सुबह आठ बजे से सायं छह बजे तक मतदान होगा। जिसमें सभी 14 वार्डों के 10413 मतदाता चेयरमैन तथा वार्ड पार्षदों का चुनाव करेगें। उन्होंने बताया कि 12 तारीख को सुबह आठ बजे से कडी सुरक्षा के बीच राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में मतगणना की जायेगी।

# महाशिवरात्री पर्व पर बागोत में आज आयोजित होगा मेला

### प्राकृतिक स्वयंभू शिवलिंग पर शिवभक्त करेगें जलाभिषेक



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में कनीना-दादरी मार्ग सथित गांव बागोत में आज बुधवार को आयोजित होने वाले मेले की सभ्झी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस मेले में भारी संख्या में श्रधालु पंहुचते हैं जो प्राकृतिक स्वयंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। मेले में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे तथा रेलिंग लगाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। पुलिस प्रशासन तथा मेला कमेटी की ओर से बंदोबस्त किए गए हैं। शिव मंदिर के मठाधीश मंहत रोशनपुरी ने बताया कि इस मेले में दूर-दराज से हजारों शिवभक्त हिस्सा लेते हैं। जिनकी सुरक्षा के लिए मेला कमेटी व पुलिस प्रशासन की ओर से बंदोबस्त किए जाते हैं। मेले के दृष्टिगत हर की पौडी हरिद्वार से कांवड लेकर रवाना हुआ शिवभक्तों को जत्था बागोत पंहुच चुका है। रोशनपुरी महाराज ने बताया कि मंदिर में शिवभक्तों के हर-हर महादेव के जयकारे गुंजायमान हो रहे हैं। बागेश्वर धाम मंदिर समिति के सदस्य महीपाल नम्बरदार ने बताया महाशिवरात्री पर्व पर प्रतिवर्ष की भांति मेले का आयोजन होगा। जिसमें बुधवार सुबह से ही भीड रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि पैदल कांवड जत्थे में यात्रा संघ गंगानगर राजस्थान, महादेव कांवड पैदल यात्रा संघ बागेश्वर धाम के श्रधालुओं सहित अन्य शिवभक्त शामिल थे। जिनका बागोत में पदार्पण हो चुका है।

**हरिद्वार से चले कांवडियों का जत्था पंहुचा**

महाशिवरात्री के मौके पर सत्यनारायण मंदिर गुढा, शिव मंदिर उन्हाणी, कनीना, धनौंदा सहित विभिन्न मंदिरों में शिवभक्तों द्वारा जलाभिषेक किया जायेगा। इस मौके पर मोनी बाबा प्रदीपपुरी, नरेश कुमार, लीला राम गंगानगर, होशियार सिंह, संयम गोयल, सरपंच राजेंद्र बागोत, विनोद कुमार, रामोतार मकडानी, राजकुमार,रमेश दादरी, अजय सिंह, सुर्याकांत भिवानी, दिनेश बंसल नारनौल, हनुमान माजरा, महेन्द्र झाडली, भीम सिंह उपसथित थे।

## 15 मार्च से प्रदेश की 108 मंडियों में शुरू होगी पीले 'सोने' की खरीद

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** इस बार हरियाणा प्रदेश की मंडियों में किसान का पीला सोना समझी जाने वाली सरसों फसल की सरकारी खरीद 15 मार्च से शुरू होगी। जिसके लिए 108 मंडिया निर्धारित की गई हैं। कृषि विभाग के एसडीओ डॉ अजय कुमार यादव ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'किसान हितों को ध्यान में रखते हुए एमएसपी पर खरीद का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए मंडियों में सुविधाएं बढाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रबी फसल सीजन 2024-25 के दौरान लगभग 21.08 लाख एकड क्षेत्र में सरसों की फसल उगाई गई है। जिसमें 'अनुमानित 15.59 लाख मीट्रिक टन के बंपर उत्पादन होने की संभावना है। सरसों का एमएसपी 5950 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। सरसों खरीद करने के बाद जिसका सीधा भुगतान किसानों को किया जायेगा।

## एनएच 152डी के पुलिया की सडक टूटी, हादसों को बढावा

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-दादरी सडक मार्ग पर धनौंदा-खेडी के बीच से गुजर रहे नैशनल हाईवे 152डी के पुलिया की सडक टूटी होने से सडक हादसों को बढावा मिल रहा है। टूटी सडक वाला हिस्सा नैशनल हाइवे अथोरिटी ऑफ इंडिया की परिधि में है जिसके चलते लोकनिर्माण विभाग सडक को दुरूस्त करने में असमर्थ है। दिनभर यहां से छेटे-बडे हजारों वाहन गुजरते हैं। सडक मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण जिगजेग वाले पुलिया के स्थान पर वाहन धमी गति से गुजर रहे हैं। वाहन चालक वेदपाल दहिया, मोती कुमार लाटा, शिवकुमार, रमेश चंद, विनोद कुमार ने बताया कि इस स्थान पर बारिश का पानी जमा होता है। जिसके चलते सडक मार्ग खंडित होता है। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों से टूटी सडक को दुरूस्त करने की मांग की है।

# विद्यार्थी बचपन से ही अपना टारगेट तय करें, सपना देखकर ही बड़ी मंजिल पाई जा सकती है : डॉ. शफीक

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पीएमश्री स्कूल पाटखोरी स्कूल के एनुअल फंक्शन में मुख्य अतिथि की रूप में शिरकत कर रहे डॉक्टर शफीक अहमद (एच सी एस)ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित करते हो कहा कि वह बचपन से ही अपना टारगेट तय करें, और उसी का अनुसार पढ़ाई करें एक न एक दिन उनको अपनी मंजिल जरूर मिल जाएगी। डॉक्टर सफीक अहमद ने कहा कि वह इसी गांव के इसी स्कूल से पढ़कर आज एचसीएस स्तर का अधिकारी बने हैं उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि आज उन्हें अपना बचपन बहुत याद आ रहा है वह इसी स्कूल में टाट पट्टियों और फटी दरियों पर बैठकर शिक्षा ग्रहण किया करते थे , उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन को याद करते हो कहा कि वह साइकिल से तो कभी पैदल स्कूल जाया करते थे बस में किराए देने के लिए भी कई बार पैसे नहीं होते थे लेकिन उन्होंने फिर भी कभी भी स्कूल से गैर हाजरी नहीं की और आज एक एचसीएस अफ़सर बनकर गांव ,समाज और देश का नाम रोशन कर रहे हैं पाटखोरी स्कूल में आज वार्षिकोत्सव मनाया गया था जिसमें डॉक्टर सफीक अहमद मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे थे एडवोकेट साहुन ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूल स्टाफ बहुत मेहनत कर रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप बच्चों का सर्वांगीण विकास हो रहा है ।प्रवक्ता मोहम्मद शाहिद हुसैन ने कहा कि स्कूल स्टाफ और ग्रामीण मिलकर शिक्षा के कारवां को आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों को अपील करते हो कहा कि शिक्षकों का भरपूर सहयोग करें। प्रधानाचार्य प्रवीण सैनी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए गत वर्षों में स्कूल में किए गए अमूल चूल परिवर्तन का खाका पेश किया ।मंच संचालन कर रहे नाजिम आजाद ने बच्चों की गतिविधियों और उनकी उपलबधियां के बारे में विस्तृत रूप से डाटा पेश किया कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथियों और बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी इस अवसर पर स्कूल स्टाफ से हरिओम गोयल, अनीता ,पवन ,पदम ,राशिद, राजीव मित्तल, जितेंद्र जैन, रामावतार शास्त्री सहित सैकड़ो अभिभावक को बच्चे मौजूद थे।



## चुनाव के मद्देनजर लाइसैंस धारक जमा करवाएं लाइसेंसी हथियार : जिलाधीश

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिलाधीश विश्राम कुमार मीणा ने तावडू नगर पालिका चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त माहौल में चुनाव संपन्न कराने के लिए जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की हैं। निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। निषेधाज्ञा पूरी चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने तक लागू रहेगी। जिलाधीश ने तावडू नगर पालिका चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों को आर्म्स एक्ट 1959 के नियमानुसार निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने लाइसेंसी हथियार अपने नजदीकी पुलिस थाना में या लाइसेंस डीलर के पास जमा करवाकर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न करवाने में सहभागी बने और सभ्य और जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। जिलाधीश विश्राम कुमार ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि लाइसेंसी हथियार जमा न कराने वाले लाइसेंसधारकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंस धारक अपना हथियार स्थानीय पुलिस थाने में या लाइसेंस डीलर के पास जमा करवा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं। इस संदर्भ में प्रत्येक प्रभारी थाना को आदेश जारी किए गए है तथा थाना में अलग से पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटियां भी लगाई गई है। जिला मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया कि जिले में कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह का विस्फोटक पदार्थ, आग्नेय अस्त्र-शस्त्र यथा रिवाल्वर, पिस्टल, बंदूक एवं अन्य हथियार जैसे गड़ासा, फरसी, भाला, लाठी, तलवार, गुप्ती, कृपाण, चाकू, छुरी, बरछी, कटार आदि तथा विधि द्वारा प्रतिबंधित हथियार और मोटे घातक हथियार आदि न तो सार्वजनिक स्थानों पर लेकर घूमेगा और न ही प्रदर्शन कर साथ में लेकर चलेगा। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात सशस्त्र पुलिस बल, पुलिस, अर्धसैनिक बल, बैंक/सुरक्षा/होमगार्ड एवं अधिकारियों व कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे।

# सीईओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत ने की प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** सीईओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना-ग्रामीण एक सरकारी योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीबों को स्थायी और गुणवत्ता वाले आवास प्रदान करना है। प्रदीप अहलावत लघु सचिवालय सथित सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे। प्रदीप अहलावत ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जिला में कुल 4543 घर बनाए जाएंगे जिसमें खंड फिरोजपुर झिरका के गांव में 846, खंड इंडरी के गांवों में 7, खंड नगीना के गांवों में 642, खंड नूंह के गांव में 407, पिनगवां के गांव में 1051, पुनहाना के गांव में 1540 आवास बनाए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 138000 रूपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह सहायता तीन किस्तों में लाभार्थी को उपलब्ध करवाई जाती है पहली किस्त में 45000 रूपए दिए जाते हैं दूसरी किस्त में 60000 रूपए दिए जाते हैं तथा तीसरी किस्त में 33000 रूपए की सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य योजना के कार्यान्वयन, लाभार्थियों की पहचान, वित्तीय आवंटन, और कार्यों की निगरानी करना है। योजना के तहत लाभार्थियों को समय पर घर मिल सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि योजना का उद्देश्य सफलतापूर्वक पूरा हो इसके लिए संबंधित अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश, फंड वितरण, ग्रामीण इलाकों में निर्माण की सथिति रिचार्ज करना आदि निर्देश दिए गए हैं।

# प्रशासन का लक्ष्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निवारण करना : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** लघु सचिवालय के कार्फ्रेंस हॉल में आयोजित समाधान शिविर के दौरान उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस शिविर का उद्देश्य आम जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान करना और प्रशासन व जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना था।

उन्होंने बताया कि आयोजित समाधान शिविर में कुल 03 शिकायत प्राप्त हुई है। समाधान शिविर में नागरिकों ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के समक्ष रखा। इनमें भूमि रिकॉर्ड से संबंधित मुद्दे, सरकारी योजनाओं का लाभ, पेंशन, बिजली-पानी की समस्याएं, आवासीय एवं राजस्व संबंधी शिकायतें प्रमुख रूप से शामिल थीं। उन्होंने सभी मामलों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निवारण करना है। समाधान शिविर के माध्यम से हम जनता से सीधा संवाद कर उनकी परेशानियों को समझते हैं और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करने का प्रयास करते हैं। समाधान शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने अपनी-अपनी जिम्मेदारियों के तहत नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया। कुछ मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है, ताकि प्रशासन जनता तक सीधे पहुंच सके और उनकी शिकायतों का शीघ्र निवारण सुनिश्चित किया जा सके।



'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
◆ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
◆ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
◆ ग्रामीण संवाददाता ◆ फोटोग्राफर
◆ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503



# मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव सदाबहार कॅरिअर

**जैसे-जैसे मल्टी नेशनल कंपनियां भारतीय दवा बाजार में पैर फैला रही हैं वैसे-वैसे हर कंपनी आक्रामक विपणन नीति का सहारा ले रही है। इसके लिए दवा कंपनियां मेडिकल रिप्रिजेंटिव की नियुक्ति करती हैं जो चिकित्सक, दवा कंपनियों और उनके ग्राहकों के बीच की बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है। इनके बिना कोई भी कंपनी अपना व्यवसाय फैला नहीं सकती।**

गला काट प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बाजार में टिके रहने के लिए कंपनियां विपणन नीति का सहारा ले रही हैं। इससे दवा कंपनियां भी अछूती नहीं हैं। भूमंडलीकरण ने इस प्रतिस्पर्धा को और बढ़ा दिया है। जैसे-जैसे मल्टी नेशनल कंपनियां भारतीय दवा बाजार में पैर फैला रही हैं वैसे-वैसे हर कंपनी आक्रामक विपणन नीति का सहारा ले रही है। इसके लिए दवा कंपनियां मेडिकल रिप्रिजेंटिव की नियुक्ति करती हैं जो चिकित्सक, दवा कंपनियों और उनके ग्राहकों के बीच की बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है। इनके बिना कोई भी कंपनी अपना व्यवसाय फैला नहीं सकती। लिहाजा इस क्षेत्र में भी रोजगार के बेहतर अवसर खुल रहे हैं।

मेडिकल रिप्रिजेंटिव के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के इच्छुक अभ्यार्थी को विज्ञान स्नातक होना आवश्यक है। लेकिन फार्मेसी में डिग्री और डिप्लोमाधारी अभ्यर्थी को सभी दवा कंपनी प्राथमिकता देती हैं। हालांकि इस क्षेत्र में सफलता हासिल करने के लिए डिग्री से ज्यादा धैर्य, लगन तथा वाकपटुता की जरूरत होती है। इसके साथ ही आकर्षक व्यक्तित्व, बातचीत से दूसरे को प्रभावित करने की क्षमता और सकारात्मक सोच का होना भी जरूरी है।

एक मेडिकल रिप्रिजेंटिव यानी एमआर का काम मेडिकल व्यवसाय से जुड़े, व्यवसायियों, चिकित्सकों से संपर्क कर अपनी कंपनी द्वारा उत्पादित दवाओं की गुणवत्ता बताना होता है। उन्हें इस तरह समझाना होता है कि चिकित्सक रोगियों को उन्हीं की कंपनी की दवा लिखे। एक एमआर को अपनी कंपनी की उत्पादित तमाम दवाओं की जानकारी रखना होता है और चिकित्सकों और व्यवसायियों को बताना होता है। यानी वह कंपनी और व्यवसायियों के बीच एक पुल का काम करता है। एक तरह से उसके कंधे पर कंपनी की सफलता की पूरा दारोमदार टिका हुआ है।

एक एमआर को वेतन उसकी योग्यता और कंपनी के स्तर के आधार पर मिलता है। शुरुआत में एक एमआर को 5 से लेकर 15 हजार रुपए तक मिलते हैं। इसके अलावा वाहन, यात्रा भत्ता, हाउसिंग और सुविधाएं अलग से मिलती हैं। देश के कई संस्थानों में मेडिकल प्रशिक्षण और फार्मा मार्केटिंग मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ फार्मेसी और डिप्लोमा इन फॉर्मेसी के कोर्स कराए जाते हैं। इनमें से कुछ प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं–

- हमदर्द कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मदनगीर, दिल्ली।
- कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, पुष्प विहार, महरौली, दिल्ली।
- महिला पॉलीटेक्निक, महारानीबाग, नई दिल्ली।
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी।
- बॉम्बे कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मुंबई, महाराष्ट्र।
- बिहार कॉलेज ऑफ फार्मेसी, अनिसाबाद, पटना, बिहार।

# सफलता का आईना हो आपका रिज्यूमे

**नौकरी प्राप्त करने का पहला कदम रिज्यूमे प्रेषित करना होता है। आपका रिज्यूमे आपकी सफलता का आईना हो, जिसमें सब कुछ स्पष्ट दिखे। वह केवल आपकी सफलता ही नहीं, बल्कि आपके कार्य-इतिहास के बारे में भी सब कुछ कहे, ताकि नियोक्ता को कहीं कोई शंका न रह जाए।**

आज के प्रतिस्पर्धा भरे माहौल में आपको दूसरों से अलग बनाती हैं आपकी सफलताएं। यहां हम आपको कुछ टिप्स बता रहे हैं, ताकि आपके रिज्यूमे में आपकी सफलताएं भली-भांति प्रदर्शित हों। जहां प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है, वहां केवल योग्यता और कार्यानुभव के दम पर अच्छी नौकरी पाना आसान नहीं है। ऐसे में आपकी छोटी-बड़ी सफलताएं ही हैं, जो आपको अन्य लोगों से आगे रखती हैं। आप किसी कंपनी के लिए कितने तरीके से लाभदायी सिद्ध हो सकते हैं, इस बात को अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और इसे बताने के लिए जरूरी है कि आपका रिज्यूमे बेहतरीन तरीके से तैयार किया जाए, जो आपको साधारण आवेदक की श्रेणी से विशेष की श्रेणी में पहुंचाएगा।

उत्तरदायित्वों को पेश करें

अपना रिज्यूमे तैयार करने का एक बढ़िया तरीका है कि आप शब्दों का चयन चतुराई से करें। यहां तक कि जब आप अपने कार्य उत्तरदायित्वों की बात करें तो उन्हें ऐसे पेश करें कि वे आपकी सफलताएं नजर आएं। मिसाल के तौर पर..

पहले- उत्तरी क्षेत्र में सेल्स की जिम्मेदारी।

अब- समूचे उत्तरी क्षेत्र के सेल्स प्रमुख।

देखिए कैसे 'जिम्मेदारी' की जगह 'प्रमुख' क्रिया का इस्तेमाल करते ही रिज्यूमे आपकी जो छवि बनाता है, उसमें कितना अंतर दिखाई देने लगा है। अगर एक रिज्यूमे में सिर्फ आपके उत्तरदायित्वों का ही जिक्र होता है तो किसी भी कंपनी को यह बिल्कुल समझ में नहीं आता कि आप असल में करते क्या थे! साथ में उन्हें बमुश्किल ही पता चल पाता है कि आप उनके लिए क्या कर सकते हैं। इस बात का खास ख्याल रखें कि अपनी रोजमर्रा की जिम्मेदारियों को बताने के लिए दमदार क्रिया-शब्दों जैसे लेड, इनीशिएटेड, स्पीयरहेडेड, कंट्रोल्ड, एक्सेलरेटेड, अटेंड, कॉन्सेप्चुलाइज्ड, कंडक्टेड, डिवाइस्ड, डायरेक्टेड, ड्राफ्टेड, एक्जीक्युटेड, एन्हैंस्ड, एस्टेब्लिश्ड आदि का इस्तेमाल करें। इन शब्दों के माध्यम से आपकी छवि एक सक्रिय कर्मचारी की बनेगी और कंपनी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जब आप यह कहेंगे कि आपको क्या हासिल हुआ, बजाए इसके कि आप क्या संभालते थे तो आपकी छवि एक उत्तरदायी और पहल करने वाले कर्मचारी के रूप में बनेगी, न कि सिर्फ ऐसे व्यक्ति के रूप में, जो केवल दिया हुआ काम ही पूरा करता है।

जिम्मेदारियों के बारे में बताएं


किसी कंपनी को यह बताना भी बेहद महत्वपूर्ण है कि आप अपने काम को कितने अच्छे तरीके से संभालते हैं। इसके लिए भी आपको 'रिस्पॉन्सिबल फॉर' से कुछ अधिक कहना होगा, जैसे..

पहले- कंपनी में एमआईएस इंटरफेस की जिम्मेदारी।

अब- नए मार्केट्स की तलाश और क्लाइंट्स को बेहतर सेवा देने के लिए एमआईएस के साथ तकनीकी तरक्की के लिए कार्य (इंटरफेस)।

पहले जो रिज्यूमे में लिखा गया है, उससे कंपनी के दिमाग में यह बात स्पष्ट नहीं होती कि आप कितने प्रभावी तरीके से अपनी जिम्मेदारी संभाल रहे थे, वहीं दूसरे मामले में 'इंटरफेस' शब्द ने आपको एक सक्रिय आवेदक के रूप में प्रस्तुत किया है। इस तरह किसी भी कार्य के साथ जुड़ने ने यह दिखा दिया है कि आपका इसमें क्या योगदान रहा और यही आपकी सफलता भी है। साथ ही इससे कंपनी को यह भी समझ में आ गया कि भविष्य में आप किस प्रकार से उन्हें योगदान दे सकते हैं। दरअसल हम एक बेसिक रिज्यूमे में अपने संपर्क की जानकारी, अपना उद्देश्य, अपने बारे में जानकारी, कार्यानुभव, अतिरिक्त गतिविधियां और दूसरी जानकारी देने में काफी जल्दबाजी करते हैं। हम अक्सर ऐसी जगह आकर रुक जाते हैं, जहां हमें वास्तव में अपनी वर्तमान कंपनी में अपने योगदान का जिक्र करना चाहिए।

एक दमदार रिज्यूमे का मुख्य तत्व 'प्रमाण' होता है। प्रमाण इस बात का कि आपने रिज्यूमे में जो कुछ भी कहा है, आप उसकी इज्जत रखेंगे – और यह प्रमाण आपके वाइटल स्टेटस में होता है, जिसमें तथ्य व आंकड़े या परिणाम दर्शाने वाले कथन होते हैं। ये सब आपके वर्तमान कार्य को दर्शाते हैं व आपको एक सफल व कार्य करने के इच्छुक कर्मी के रूप में साबित करते हैं।




# जब भटक जाए करियर प्लान

कॉलेज डिग्री के बाद आप कॉर्पोरेट जगत में अपना प्रोफेशनल जीवन शुरू करते हैं। इसके लिए आप इंटरव्यू की तैयारियां भी पूरे मनोयोग से करते हैं, जहां 'आप पांच वर्ष में खुद को कहा देखते हैं?' जैसे प्रश्नों की आप खास तैयारी करते हैं। लेकिन पांच या दस वर्ष बाद आपकी महत्वाकांक्षाएं कितनी पूरी हो पाती हैं? क्या आप अपनी प्रगति से संतुष्ट होते हैं या आपको लगता कि यदि एक और मौका मिले तो आप अपने प्रयास कुछ अलग तरीके से करना चाहेंगे ? जब करियर लक्ष्य पूरे न हों तो निराशा होनी स्वाभाविक होती है; फिर जरूरी हो जाता है कि आप अपनी मौजूदा स्थिति का आकलन करें और करियर ग्राफ को ऊपर ले जाने के लिए भावी योजना की रूपरेखा एक बार फिर तैयार करें।

**निराशा से जूझना** – क्या शुरुआत में वह नौकरी आपके हाथ से निकल गई थी जिसे आप सचमुच प्राप्त करना चाहते थे, और क्या आपका मौजूदा कार्य आपको तरक्की करने के पूरे मौके नहीं दे रहा और क्या कोई नया ऑफर भी आपकी ओर नहीं आ रहा, या फिर कई नौकरियां बदलने के बावजूद आप वहां नहीं पहुंच पा रहे जहां पहुंचने की आपने उम्मीद की थी, और इन सबके अलावा अर्थव्यवस्था का कठिन दौर भी आपके खिलाफ जा रहा है?

कई बार आपके सच्चे प्रयासों के बाद भी परिस्थितियां शुरू से ही आपके विपरीत रहती हैं। फिर भी, यहां यह ध्यान रखना होगा कि आप जो रास्ता पार कर चुके हैं, उस पर आप वापस तो नहीं जा सकते, लेकिन भविष्य की तैयारी अपने अनुसार जरूर कर सकते हैं।



**पुनर्प्रयास** – तो यदि आपको लगता है कि आपके करियर चार्ट में कुछ कमी है तो उसका सही **आकलन करें** – क्या यह वह बुनियादी हुनर है जिसकी कमी से आप बड़ी परियोजनाओं का हिस्सा नहीं बन पा रहे हैं या कोई सॉफ्ट स्किल है जो महत्वपूर्ण कार्य संबंधों को आपसे दूर रख रहा है? इसके बाद, उपरोक्त कमियों को दूर करने के लिए जरूरी प्रशिक्षण के बाद की परिस्थितियों का भी आकलन करें। यह भी जरूरी है कि आप अपने करियर के मौजूदा दौर में प्रशिक्षण की महत्ता को समझों।

**फोकस बदलें** – आपने अपनी सारी ऊर्जा एक ही दिशा में लगा दी थीं, परंतु वह आपके काम नहीं आई। तो अब समय आ गया है कि आप आगे बढ़ें और अन्य दिशाओं में अपने प्रयास शुरू कर दें। इसका मतलब करियर की दिशा में परिवर्तन नहीं होता, बल्कि मौजूदा कार्य के साथ नई जिम्मेदारियां उठाना, जिनमें आपको कुछ नए हुनर सीखने की जरूरत हो। याद रखें कई बार विपरीत परिस्थितियों में नए अवसर छुपे होते हैं; एक अदद निराशा को अपने समूचे करियर को नुकसान न पहुंचाने दें।

**खुद पर भरोसा** – दुविधा के समय अपने निर्णयों पर सवाल करना अक्सर एक प्राकृतिक क्रिया होती है; परंतु जरूरी है कि अपनी सोच और क्षमताओं पर विश्वास डगमगाना नहीं चाहिए। गलत नौकरी या विपरीत परिस्थितियों का शिकार होना ही आपके बारे में नहीं बताता। इसलिए, अपनी जमीन पर जमें रहें।

# कैसे पाएं प्रोमोशन

फर्ज करें आपके बॉस, आपके बॉस के बॉस और अन्य कंपनी एग्जीक्यूटिव्स एक साथ बैठकर आपके बारे में विचार कर रहे हों। इस दौरान वह आपके कार्य चरित्र, आपकी लीडरशिप क्वालिटीज, आपके प्रोजेक्ट्स, आपके अधीनस्थों, आपके द्वारा प्राप्त नतीजों और गत वर्ष के दौरान आपकी परफॉरमेंस के बारे में चर्चा करते हैं। यह समिति एक बहुत महत्वपूर्ण नतीजा लेती है– आपको तरक्की मिलनी चाहिए या नहीं ? बेशक आपके संस्थान में इस कार्य से जुड़ा कोई अनौपचारिक तरीका न हो, लेकिन इस तरह की प्रक्रिया कमोबेश प्रत्येक छोटी या बड़ी कंपनी में होती है। दरअसल, इस प्रक्रिया के दौरान कुछ ऐसा होता है- प्रत्येक मैनेजर अपनी पसंद के प्रत्याशी को तरक्की प्राप्त करने के सबसे बड़े उम्मीदवार के तौर पर पेश करता है। उस समय समिति के अन्य सदस्य यह जानना चाहते हैं कि ऐसा क्यों है।

इसलिए ऐसे समय आपको एक ऐसे मैनेजर का सहयोग होना चाहिए जो आपके बारे में सही छवि पेश कर सके। आपके मैनेजर के साथ अन्य ऐसे मैनेजर्स और एग्जीक्यूटिव्ज भी होंगे जिन्होंने आपके साथ काम किया है, वह भी अपने विचार रखेंगे। इसलिए यह जरूरी हो जाता है कि वह आपका सकारात्मक और असरकारी रूप सामने रखें। जाहिर है जब प्रत्येक मैनेजर अपने प्रत्याशी के पक्ष में बात सामने रखेगा, उस समय प्रतिस्पर्धा बहुत सख्त हो जाएगी। प्रत्याशियों की संभावी तरक्की के बारे में अधिकारियों के बीच यह मंत्रणा ईमानदार और कड़वी भी हो सकती है। यदि आपको कोई पसंद नहीं करता, तो वह भी ऐसे समय स्पष्ट हो जाता है। कई बाद हालात उस समय सचमुच बिगड़ जाते हैं जब अपने प्रत्याशी को किसी भी कीमत पर तरक्की दिलाने पर उतारू कोई मैनेजर अन्य प्रत्याशियों की बढ़-चढ़ कर बुराइयां करने लगता है। तो तरक्की पाने का आपका मौका तब अधिक होता है जब आपको –

- हाई परफॉरमेंस रिव्यूज मिले हों।
- आपने दिए गए सभी लक्ष्य प्राप्त कर लिए हों।
- आपने भावी सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने की शुरुआत कर दी हो।
- आपने टीम के कार्य पूरे कर दिए हों।
- कंपनी को बचत करने की विधि बताई हो।
- अतिरिक्त कार्यों की जिम्मेदारी ली हो।
- नए संबंध स्थापित किए हों।
- कार्य के दौरान ज्यादा देर तक काम किया हो।

परंतु कुछ बिंदु आपके खिलाफ भी जा सकते हैं यदि –

- समिति में सब आपको, आपके कार्य और उपलब्धियों से परिचित न हों।
- मंत्रणा के दौरान यदि ज्यादा लोगों ने आपके पक्ष में न बोला हो।
- आप दफ्तर की राजनीति से दूर रहते हों यानी आप समूचे 'खेल का हिस्सा' न हों।
- आपने दिए गए कार्य से अतिरिक्त कुछ और न किया हो।
- यदि नीति निर्धारक आपसे प्रभावित न हों और कम ही लोग आपके पक्ष में बात रख रहे हों।

यदि प्रोमोशन नहीं मिलती तब?

यदि ऐसा होता है तो तुरत-फुरत अपने रिज्यूमे अन्य स्थानों को भेजने न शुरू कर दें। इससे अनुभव लें और अगली बार के लिए तैयार रहें। कुछ उपाय-

## बॉस से सही फीडबैक लें

प्रोमोशन से जुड़ी मीटिंग की अधिकाधिक जानकारी प्राप्त करने का प्रयास करें। आपके बॉस बेशक ऐसे समय कुछ बातें आपको नहीं बताएं, परंतु फिर भी वह बिना नाम लिए जरूरी जानकारी आपको दे सकते हैं।

## अपनी कमियों को भी जाहिर करें

रक्षात्मक न बनें। अपनी कमियों को दूर करने के लिए अपने बॉस के साथ काम करें। उदाहरण के लिए, यदि वरिष्ठ समूह कहता है कि आप वित्तीय मामलों में अधिक मजबूत नहीं हैं, तो कहें कि आप इस विषय में प्रशिक्षण लेने को तैयार हैं।

## अगली मीटिंग का इंतजार न करें

यह कभी न सोचें कि आपका कार्य अपनी पहचान खुद बनेगा। आपका लक्ष्य होना चाहिए कि मीटिंग रूम में सब को आपकी उपलब्धियों का पहले से पता हो। इसके लिए कंपनी के हित में आपके कार्य के बारे में नीति निर्माताओं को समझाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करें।

## तरक्की प्राप्त करने से जुड़े तीन उपाय

चूंकि अब आप जानते हैं कि इस दौरान 'खेल' खेला जाता है, तो प्रोमोशन प्राप्त करने से जुड़े कुछ उपाय जानिए।

## बॉस को करें तैयार

इस बात पर ध्यान दें कि आपके बॉस के पास आपकी उपलब्धियों से जुड़ी सभी जानकारी दस्तावेजों के रूप में मौजूद हो।

## बॉस को सहयोग दें

ऐसे कुछ बिंदुओं को तैयार करें जो बताएं कि आप क्यों आदर्श प्रत्याशी हैं। इन बिंदुओं के साथ अत्य तथ्यात्मक जानकारी भी दें जो कंपनी के हित से जुड़ी हो। कुछ बड़े ग्राहकों या उपभोक्ताओं से प्राप्त प्रशंसा पत्र आदि भी साथ रखें।

## अन्य लोगों की प्रतिक्रियाओं का पूर्वानुमान

अपने सहयोगियों का लाभ लें और विरोधियों द्वारा संभावी नुकसान का आकलन करें। अपने बॉस को यह भी सूचना दें कि आपने मंत्रणा कक्ष में मौजूद लोगों की किस तरह मदद की थी। यदि कुछ विरोधी तत्व आपकी नजर में हैं तो उनकी जानकारी भी बॉस को दें। उनसे आपके बॉस कैसे निपटें, इस पर विचार किया जाना जरूरी होता है।



**अप्रेजल का समय आने को है। इसके बहाने आप अपने कार्य की समीक्षा स्वयं भी कर सकते हैं। तो शुरुआत कीजिए इस कार्य की जो आपको इस वर्ष तरक्की के मार्ग पर आगे बढ़ाने जा रहा है। बता रहे हैं जोल गार्फिकल**

# एडीबी के नए अध्यक्ष मसातो कांडा ने संभाला कार्यभार

**एजेंसी**
**नई दिल्ली/मनीला।** मासातो कांडा ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के 11वें अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाल लिया है। उन्होंने मासात्सुगु असकावा की जगह ली है। अंतरराष्ट्रीय वित्त और विकास नीति में करीब 4 दशकों के अनुभव के साथ कांडा को उनके दूरदर्शी नेतृत्व और बाजार में उतार-चढ़ाव के दौरान उनके निर्णायक हस्तक्षेप के लिए व्यापक रूप से जाना जाता है। मासातो कांडा ने अपने पूर्ववर्ती मासात्सुगु असकावा के प्रति उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और क्षेत्र में विकास को आगे बढ़ाने के लिए अटूट प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एडीबी बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सौंपे गए दायित्व के तहत इस मजबूत विरासत को आगे बढ़ाने, पूरे एशिया और प्रशांत क्षेत्र में टिकाऊ, समावेशी और लचीला विकास करने का संकल्प व्यक्त किया। कांडा ने कहा, हमारे क्षेत्र के लिए इस महत्वपूर्ण क्षण में एडीबी अध्यक्ष की भूमिका निभाने पर मुझे बहुत गर्व है। उन्होंने कहा, हमारे 69 सदस्यों के विश्वास और हमारे समर्पित कर्मचारियों के मजबूत समर्थन के साथ मैं सतत, समावेशी और लचीले विकास को बढ़ावा देने के लिए एडीबी के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। हम मिलकर विकास की चुनौतियों का सामना करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि एडीबी इस क्षेत्र के लिए पसंदीदा भागीदार बना रहे।

# मप्र में एक लाख 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगा अडाणी ग्रुप, अन्य उद्योगपतियों ने भी जताई सहमति

**एजेंसी**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश में निवेश की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं और देश-विदेश के उद्योगपति इसे एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में देख रहे हैं। भोपाल में सोमवार से शुरू हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 को लेकर उद्योग जगत में खासा उत्साह देखा जा रहा है। देश के प्रमुख उद्योगपतियों ने राज्य में निवेश को लेकर अपनी सकारात्मक प्रतिक्रियाएं दी हैं। अडाणी ग्रुप ने प्रदेश में एक लाख 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की बात कही है। दरअसल, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में शामिल होने भोपाल आए उद्योगपति गौतम अडाणी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ वन-टू-वन चर्चा में कहा कि इस आयोजन में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'मेक इन इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसी पहल ने देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश का विकास हो रहा है। अडाणी ने घोषणा की है कि उनका समूह 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ इस विकास यात्रा में आपके साथ है।

अडाणी ने कहा कि उनका ग्रुप मध्य प्रदेश में सीमेंट, सीवेज, खनन, स्मार्ट-मीटर और थर्मल-एनर्जी के क्षेत्रों में एक लाख 10 हजार करोड़ रुपये का नया निवेश कर रहा है। इससे 2030 तक राज्य में एक लाख 20 हजार रोजगार सृजन होंगे। अडाणी ने बताया कि इसके साथ ही समूह एक ग्रीनफील्ड स्मार्ट-सिटी विकसित करने की योजना पर भी काम कर रहे है। इसमें एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त निवेश शामिल होगा। आशा है कि ये सभी निवेश मध्यप्रदेश की विकास यात्रा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे।

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर विदेशी निवेशकों में खासा उत्साह देखने को मिला। मुंबई स्थित स्विट्जरलैंड के वाणिज्य दूतावास के महावाणिज्य दूत मार्टिन यू. माइयर ने जीआईएस में शामिल होकर कहा कि यह मेरे लिए बेहद रोमांचक है। मैं पहली बार मध्य प्रदेश आया हूं और भोपाल में यह देखना चाहता हूं कि यहां क्या संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि स्विट्जरलैंड, आइसलैंड, लिचेंस्टाइन और नॉर्वे सहित यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन (EFTA) देशों ने भारत के साथ व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (TEPA) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत अगले 15 वर्षों में भारत में 100 बिलियन डॉलर का निवेश किया जाएगा। अब हमें यह सुनिश्चित करना है कि स्विस कंपनियां भारत आएं और यहां निवेश करें। इस समझौते के तहत भारत और स्विट्जरलैंड के आर्थिक संबंधों को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# मंडाविया और आईएलओ महानिदेशक हुंगबो ने श्रम कल्याण बढ़ाने के लिए सहयोग पर चर्चा की

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ. हुंगबो के साथ बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने श्रम कल्याण तथा सामाजिक सुरक्षा कवरेज बढ़ाने के लिए सहयोग पर चर्चा की। मंडाविया ने एक्स पोस्ट में कहा, श्रम कल्याण और सामाजिक सुरक्षा कवरेज को बढ़ाने के लिए सहयोग पर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ. हुंगबो के साथ एक उपयोगी द्विपक्षीय बैठक हुई। उन्होंने इस बातचीत के दौरान विकासशील भारत 2047 और जी-20 प्राथमिकताओं के साथ कार्यबल लचीलेपन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की। मंडाविया ने कहा कि वह अधिक समावेशी और टिकाऊ भविष्य को आकार देने में आईएलओ के साथ गहन जुड़ाव की आशा करते हैं।

इस दौरान विकसित भारत 2047 और जी20 प्राथमिकताओं के साथ तालमेल बिठाते हुए कार्यबल लचीलेपन के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वे अधिक समावेशी और टिकाऊ भविष्य को आकार देने में आईएलओ के साथ गहन जुड़ाव की आशा करते हैं। उल्लेखनीय है कि भारत में आईएलओ का पहला कार्यालय 1928 में खोला गया था।

# मजबूत लिस्टिंग के बाद गिरकर सपाट स्तर पर आए तेजस कार्गो के शेयर

**नई दिल्ली।** सप्लाई चेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विस देने वाली कंपनी तेजस कार्गो ने स्टॉक मार्केट में शानदार एंट्री की, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाली के दबाव में ये शेयर टूट गए। कंपनी के शेयर 168 रुपये के भाव पर जारी हुए थे। आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 4.17 प्रतिशत लिस्टिंग गेन के साथ इसकी 175 रुपये के भाव पर एंट्री हुई। हालांकि लिस्टिंग के थोड़ी देर बाद ही ये शेयर टूट कर 168 रुपये के भाव पर आ गए। तेजस कार्गो का 105.84 करोड़ रुपये का आईपीओ 14 से 15 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.15 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.33 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.07 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.09 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 63 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी नए ट्रेलर खरीदने, पुराने कर्ज को चुकाने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी।

# फ्लैट लिस्टिंग के बाद रॉयल आर्क के शेयरों में शुरू हुई लिवाली

**नई दिल्ली।** वेल्डिंग इलेक्ट्रोड्स, फ्लेक्स कोर्ड वायर और वेल्डिंग कंज्यूमेबल्स बनाने वाली कंपनी रॉयलआर्क इलेक्ट्रोड्स ने स्टॉक मार्केट में फीकी लिस्टिंग करके अपने आईपीओ निवेशकों को काफी निराश किया। आईपीओ के तहत कंपनी ने 120 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए थे।? आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग भी बिना किसी उतार-चढ़ाव के 120 रुपये के स्तर पर ही हुई। हालांकि लिस्टिंग के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण इस शेयर के भाव में तेजी आ गई। दोपहर 12 बजे तक का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 121.05 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। रॉयलआर्क इलेक्ट्रोड्स का 36 करोड़ रुपये का आईपीओ 14 से 18 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.61 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.04 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 0.92 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.21 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 87,760 रुपये से लेकर 87,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,440 रुपये से लेकर 80,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी मामूली कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,00,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,810 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में मप्र को मिले 25 हजार 600 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव

**एजेंसी**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले दिन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा शिखर सम्मेलन टेक इन्वेस्ट मध्य प्रदेश' सत्र का आयोजन किया गया। शिखर सम्मेलन में विभिन्न प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में कुल 25 हजार 640 करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ, जिससे लगभग एक लाख 83 हजार 400 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी सोनिया परिहार ने दी।

उन्होंने बताया कि आईटी और आईटीएस क्षेत्र में 5500 करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ। इससे अनुमानित 93 हजार रोजगार सृजित होंगे। ईएसडीएम क्षेत्र में 14 हजार करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ, जिससे लगभग 14 हजार रोजगार सृजित होंगे। डेटा सेंटर के लिये 6800 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ, जिसमें 2900 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। जीसीसी में 700 करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ, जिससे 40 हजार 500 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। एबीजीसी-एक्सआर में 110 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ, जिसमें 3000 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। ड्रोन सेक्टर में




180 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ, जिससे लगभग 30 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिखर सम्मेलन टेक इन्वेस्ट मध्य प्रदेश' में आईटी और टेक क्षेत्र के उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का भोपाल में आयोजन हुआ है और इसका लाभ सभी क्षेत्रों को मिल रहा है। उन्होंने प्रदेश की राजधानी भोपाल की बदलती पहचान का ज़िक्र करते हुए कहा कि अब यहां की पहचान निवेश, उद्योग और व्यापार से हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईटी एक अलग प्रकार की दुनिया है और इस क्षेत्र में निवेश और विस्तार की अनंत संभावनाएं हैं। बाकी राज्यों की तुलना में मध्य प्रदेश ने सबसे अच्छी पॉलिसी बनाई है। इन नीतियों का लाभ निवेशकों को मिलेगा। आईटी सेक्टर के विस्तार के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिन जगहों पर आईटी के क्षेत्र में चुनौतियां आती थीं, आज वहां भी आईटी हब बन रहे हैं।

# केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने प्रकृति 2025 का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने राजधानी नई दिल्ली में आयोजित प्रकृति 2025 का उद्घाटन किया। यह सम्मेलन परिवर्तनकारी जलवायु से संबंधित पहलों को एकीकृत करने के लिए सुदृढ़ता, जागरुकता, ज्ञान और संसाधनों को बढ़ावा देने के प्रति लक्षित है।

ऊर्जा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मंत्री मनोहर लाल ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मंत्री ने जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने में कार्बन बाजारों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भारत सरकार के दृष्टिकोण को साझा किया। उन्होंने जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने और उत्सर्जन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) की ओर रुख किए जाने के महत्व पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा गंगा दीप पूजा और गोवर्धन पूजा जैसी पारंपरिक प्रथाओं को भी रेखांकित किया, जो देश की गहरी पारिस्थितिक चेतना को दर्शाती हैं और स्थिरता के आधुनिक प्रयासों की पूरक हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने स्थिरता की ओर भारत के संक्रमण को महत्वाकांक्षी और प्राप्त करने योग्य बनाने वाली वास्तविक,



**मंत्री ने जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने में कार्बन बाजारों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भारत सरकार के दृष्टिकोण को साझा किया।**

सत्यापन योग्य और धोखाधड़ी-रहित कार्बन कटौती सुनिश्चित करने वाली जलवायु नीतियों की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस अवसर पर विद्युत मंत्रालय के मुख्य अभियंता धीरज श्रीवास्तव ने विशिष्ट अतिथियों, प्रमुख उद्योगपतियों और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों का स्वागत किया और उनकी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने भारत के सतत ऊर्जा भविष्य को आकार देने में सहयोग के महत्व को स्वीकार किया।

# वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट ऊर्जा हासिल करने के लिए वित्त जुटाना जरुरी : केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी

**एजेंसी**
**मुंबई।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने मुंबई में कहा कि वित्त जुटाना 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा हासिल करने की कुंजी है। मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीपाद नाईक भी उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी आज मुंबई में केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा आयोजित नवीकरणीय ऊर्जा के लिए वित्त जुटाने पर राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री जोशी ने नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षेत्र को सुलभ वित्त पोषण सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय संस्थानों और नीति निर्माताओं से सामूहिक प्रयास करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का विचार प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक के बाद सामने आया, जहां पीएम सूर्य घर और पीएम-कुसुम जैसी प्रमुख योजनाओं में तेजी




लाने पर चर्चा हुई। भारत देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखता है, इसलिए इसकी ऊर्जा मांग दोगुनी होने की उम्मीद है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा को थर्मल ऊर्जा उत्पादन से मेल खाने के लिए बढ़ाया जाना चाहिए, ताकि एक विश्वसनीय और लचीली बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। केन्द्रीय मंत्री ने 2070 तक नेट जीरो हासिल करने और 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित क्षमता तक पहुंचने की भारत की प्रतिबद्धता के बारे में भी बात की। उन्होंने वित्तीय संस्थानों से भारत की नवीकरणीय ऊर्जा विकास रणनीति के साथ अपनी ऋण नीतियों को संरेखित करने का आह्वान किया और इस बात पर जोर दिया कि भविष्य में कार्बन-गहन उद्योगों को निर्यात के अवसरों में कमी का सामना करना पड़ेगा। मंत्री जोशी ने कहा कि भारत ने पहले ही नवीकरणीय ऊर्जा में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसकी क्षमता आज 222 गीगावॉट तक बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि पीएम-कुसुम और पीएम सूर्य घर किसानों को ऊर्जादाता (ऊर्जा प्रदाता) बनने के लिए सशक्त बनाते हैं, साथ ही ट्रांसमिशन घाटे को भी कम करते हैं। उन्होंने बैंकों से वित्तपोषण प्रक्रियाओं को सरल बनाने का आग्रह किया, विशेष रूप से रूफटॉप सौर परियोजनाओं के लिए, और डिस्कॉम के लिए नवीकरणीय खरीद दायित्वों (आरपीओ) के समान, इस क्षेत्र के लिए समर्पित वित्तपोषण सुनिश्चित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा वित्तपोषण दायित्व की शुरुआत करने का आह्वान किया।

# वैश्विक दबाव के कारण शेयर बाजार में गिरावट जारी, 8 महीने के निचले स्तर पर आया सेंसेक्स

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** कमजोर ग्लोबल संकेतों और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार आज सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। इस गिरावट के कारण सेंसेक्स 7 जून 2024 के बाद आज पहली बार 75 हजार अंक के स्तर से भी नीचे गिर गया। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाल बाजार पर पूरी तरह से हावी हो गए?।

पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.14 प्रतिशत और निफ्टी 1.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान आईटी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और मेटल सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही। इसी तरह ऑयल एंड गैस, एनर्जी, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, फार्मास्यूटिकल और टेक इंडेक्स भी कमजोरी के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, एफएमसीजी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.78 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 4 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 397.98 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया।

# ग्लोबल इंवेस्टर्स समिटः पहले दिन मिले 22 लाख 50 हजार 657 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, हुए एमओयू

**एजेंसी**
**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में भोपाल के राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में शुरू हुई दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के काफी सुखद परिणाम आये हैं। समिट के पहले दिन बड़ी संख्या में निवेश के प्रस्ताव मिले। इसमें 22 लाख 50 हजार 657 करोड़ के इंटेशन-टू-इन्वेस्ट, एमओयू और निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुये। इससे 13 लाख 43 हजार 468 रोजगार सृजन होगा। यह जानकारी देर शाम जनसम्पर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने दी। 1) नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा - 5,21,279 करोड़ रुपये का निवेश - 1,46,592 लोगों को रोजगार।2) डी.आई.पी.आई.पी - 4,94,314 करोड़ रुपये का निवेश - 3,04,775 लोगों को रोजगार।3) खनिज एवं संसाधन विभाग - 3,22,536 करोड़ रुपये का निवेश



- 55,494 लोगों को रोजगार।4) शहरी विकास और आवास - 1,97,597 करोड़ रुपये का निवेश - 2,31,376 लोगों को रोजगार।5) ऊर्जा - 1,47,990 करोड़ रुपये का निवेश- 20,180 लोगों को रोजगार।6) लोक निर्माण विभाग - 1,30,000 करोड़ रुपये का निवेश - 7) पर्यटन - 64,850 करोड़ रुपये का निवेश - 1,23,799 लोगों को रोजगार।8) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी - 64,174 करोड़ रुपये का निवेश - 1,83,144 लोगों को रोजगार।9) तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार - 43,326 करोड़ रुपये का निवेश - 51,027 लोगों को रोजगार।10) एमएसएमई - 21,706 करोड़ रुपये का निवेश - 1,32,226 लोगों को रोजगार।11) लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण - 17,205 करोड़ रुपये का निवेश - 49,237 लोगों को रोजगार।12) उच्च शिक्षा - 7,043 करोड़ रुपये का निवेश - 15,346 लोगों को रोजगार।13) उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण - 4,729 करोड़ रुपये का निवेश - 8,871 लोगों को रोजगार।14) चिकित्सा शिक्षा - 3,908 करोड़ रुपये का निवेश - 9,401 लोगों को रोजगार।15) अडाणी समूह - 2,10,000 करोड़ रुपये का निवेश - 12,000 लोगों को रोजगार।

# सामाजिक न्याय के प्रति सामाजिक सुरक्षा देश की प्रतिबद्धता का बुनियादी स्तंभ : मंडाविया

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा भारत की सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता का एक बुनियादी स्तंभ बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इसकी पहुंच 2021 में कुल आबादी का 24.4 फीसदी से बढ़कर 2024 में 48.8 फीसदी हो गई है। केंद्रीय श्रम मंत्री यहां सामाजिक न्याय एवं ईएसआईसी के 74वें स्थापना दिवस पर क्षेत्रीय संवाद को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने सामाजिक न्याय 2025 पर क्षेत्रीय संवाद के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, बेरोजगारी दर 2017-18 में 6 फीसदी से घटकर 2023-24 में 3.2 फीसदी हो गई है जबकि श्रम बल भागीदारी दर 49.8 फीसदी से बढ़कर 60.1 फीसदी हो गई है। उन्होंने बताया कि 29 श्रम कानूनों को चार सरल श्रम संहिताओं में समाहित करने से श्रम कल्याण, सार्वभौमिक मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा मिला है। इसके साथ ही सुरक्षित कार्य स्थितियों को सुनिश्चित किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन सुधारों ने पंजीकरण, लाइसेंस और अनुपालन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके व्यापार करने में आसानी में भी सुधार किया है। ये सकारात्मक संकेतक हमारे सुधारों और पहलों के प्रभाव को रेखांकित करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रम सुधार भारत की कार्यबल नीतियों को आधुनिक बनाने के प्रयासों का आधार रहे हैं।मनुसख मंडाविया ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना एक और महत्वपूर्ण फोकस क्षेत्र है, उन्होंने कहा कि भारत के केंद्रीय बजट 2025-26 में 2047 तक 70 फीसदी महिला कार्यबल भागीदारी हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठाने के बारे में कहा कि भारत की 65 फीसदी आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। इसलिए कौशल विकास एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है। उन?होंने कहा कि भारतीय स्नातकों की रोजगार क्षमता 2013 में 33.95 फीसदी से बढ़कर 2024 में 54.81 फीसदी हो गई है। श्रम एवं रोजगार मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल ने 440 मिलियन से अधिक नौकरियों के अवसर उपलब्ध कराए हैं। मनुसख मंडाविया ने कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का आधुनिकीकरण किया गया है, ताकि अधिक श्रमिकों को इसका लाभ मिल सके।

# वर्ष 2024-25 का हाउस टैक्स जमा करने पर पुराना बकाया होगा माफ

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने फैसला किया है कि जो लोग तय समय सीमा के अंदर वित्त वर्ष 2024-25 का पूरा हाउस टैक्स जमा कर देंगे, उनका पिछला बकाया सारा हाउस टैक्स माफ कर दिया




जाएगा। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह, नेता दुर्गेश पाठक, मेयर महेश खींची और नेता सदन मुकेश गोयल सोमवार को संयुक्त संवाददाता सम्मेलन कर इस फैसले की जानकारी दी। श्री संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने हमेशा से आम लोगों के फायदे और उनकी जिंदगी में सहूलियत देने के लिए काम किया है। इसी दिशा में निगम एक बहुत बड़ा कदम उठा रही है। इसके तहत जो लोग 2024-25 के हाउस टैक्स का भुगतान कर देंगे, उनका पिछला सारा बकाया हाउस टैक्स माफ कर दिया जाएगा।

# भारत और ब्रिटेन ने मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता आगे बढ़ाने पर चर्चा की

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता फिर से शुरू कर दी है। दोनों देशों ने नई दिल्ली में एफटीए पर विस्तार से बातचीत को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूनाइटेड किंगडम के व्यापार और वाणिज्य विभाग के राज्य सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स ने यह घोषणा की। इससे दोनों देशों के बीच अगले 10 वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार मौजूदा 20 अरब डॉलर से दोगुना या तिगुना होने की उम्मीद है।

पीयूष गोयल ने 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा कि दोनों देशों ने व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि हम एक दूरदर्शी, पारदर्शी और महत्वाकांक्षी भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत फिर से शुरू कर रहे हैं, जो दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत और ब्रिटेन घनिष्ठ साझेदार हैं, जो सुरक्षा और रक्षा, नई और उभरती हुई प्रौद्योगिकियों, जलवायु, स्वास्थ्य, शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार, हरित वित्त और लोगों के बीच संपर्क पर सहयोग पर आधारित है।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि इस रिश्ते के केंद्र में आर्थिक विकास और सतत विकास प्रदान करने की सामूहिक आकांक्षा है। दोनों पक्ष एक संतुलित, पारस्परिक रूप से लाभकारी और दूरदर्शी समझौते की दिशा में बातचीत फिर से शुरू करने पर सहमत हुए हैं, जो



पारस्परिक विकास प्रदान करता है और दो पूरक अर्थव्यवस्थाओं की ताकत को बढ़ाता है। गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने से दोनों देशों में व्यापार और उपभोक्ताओं के लिए अवसरों को खोलने और पहले से ही गहरे संबंधों को और मजबूत करने की क्षमता है। उन?होंने कहा कि यह घोषणा दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के स्तर पर हुई उपरोक्त चर्चाओं का परिणाम है। वाणिज?य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने वार्ताकारों को निर्देश दिया कि वे समझौते में लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए मिलकर काम करें, ताकि साझा सफलता के लिए निष्पक्ष और न्यायसंगत व्यापार समझौता सुनिश्चित हो सके। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर ने नवंबर 2024 में ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात की और शीघ्र ही एफटीए वार्ता फिर से शुरू करने के महत्व को रेखांकित किया था।

# चैंपियन्स ट्रॉफी : पाकिस्तान के जल्दी बाहर होने से पीसीबी नाराज, हो सकती है बड़ी कार्रवाई

**दुबई (एजेंसी)।** कराची - चैंपियन्स ट्रॉफी से राष्ट्रीय टीम के जल्दी बाहर होने से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में काफी निराशा और नाराजगी है लेकिन उसने 9 मार्च को टूर्नामेंट के अंत तक टीम के मामलों पर चुप रहने का फैसला किया है। पीसीबी के एक करीबी सूत्र ने कहा कि अधिकारी टूर्नामेंट में टीम के प्रदर्शन से आहत हैं, विशेषकर पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ।

सूत्र ने कहा, 'लेकिन बड़े परिदृश्य को देखते हुए जो चैंपियंस ट्रॉफी की सफल मेजबानी है और यह सुनिश्चित करना है कि यह मेजबान देश के रूप में पाकिस्तान क्रिकेट के लिए सकारात्मक प्रचार लाए, टीम के प्रदर्शन पर अभी कुछ भी नहीं कहने का फैसला किया गया है।'

सूत्र ने कहा कि आंतरिक रूप से टीम, चयन या भविष्य की योजनाओं पर चर्चा नहीं करने पर सहमति बनी है क्योंकि यह केवल टूर्नामेंट से ध्यान भटकाएगा और पाकिस्तान क्रिकेट के लिए 'नकारात्मक सुर्खियां' लाएगा। सत्र ने कहा, 'बोर्ड नेतृत्व को भी अहसास है कि प्रतियोगिता में टीम में लचर प्रदर्शन के लिए कोई बहाना या बचाव नहीं दिया जा सकता है।'

सूत्र ने बताया कि पीसीबी चैंपियन्स ट्रॉफी की सफल मेजबानी को पाकिस्तान में और अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं को लाने के प्रवेश द्वार के रूप में देखता है, भले ही टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार हासिल करने के लिए उसे कई बाधाओं का सामना करना पड़ा हो। हालांकि सूत्र ने स्वीकार किया कि टूर्नामेंट खत्म होने के बाद इसकी पूरी समीक्षा की जाएगी कि कैसे और कहां चीजें गलत हुईं।

सूत्र ने कहा, 'पाकिस्तान को 15 मार्च से न्यूजीलैंड में सफेद गेंद की श्रृंखला खेलनी है और अंतरिम मुख्य कोच के रूप में आकिब जावेद का अनुबंध 27 फरवरी को समाप्त हो जाएगा जब पाकिस्तान बांग्लादेश के खिलाफ अपना अंतिम ग्रुप मैच खेलेगा।'

उन्होंने कहा, 'इसलिए निश्चित रूप से बोर्ड को न्यूजीलैंड दौरे के लिए मुख्य कोच चुनना होगा लेकिन यह नियुक्ति अंतरिम प्रकृति की भी हो सकती है। राष्ट्रीय हाई परफोर्मेंस केंद्र से कोई व्यक्ति हो सकता है क्योंकि पीसीबी ने स्थायी मुख्य कोच की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू नहीं की है।' सूत्र ने कहा कि पीसीबी इस साल अगस्त से अगले आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत से पहले नए मुख्य कोच की नियुक्ति करेगा।



# इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने भारत-पाकिस्तान पर दी प्रतिक्रिया, बोले- अब एकतरफा मुकाबला




**दुबई (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान मैच हमेशा एक बहुप्रतीक्षित घटना होती है, लेकिन इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन का मानना है कि मुकाबला 'एकतरफा' हो गया है और क्रिकेट प्रचार के अनुरूप नहीं है। एथरटन ने कहा, 'ठीक है, यह पूरी तरह से एकतरफा था। यह बहुत दूर से ही बहुत अनुमानित लग रहा था। पाकिस्तान की बल्लेबाजी लाइन-अप कमजोर थी, जैसा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में था। बल्लेबाजी में बस थोड़ी ऊर्जा और गतिशीलता की कमी थी।'

भारत और पाकिस्तान केवल ICC आयोजनों में एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं और उनके मुकाबलों को अक्सर ब्लॉकबस्टर मुकाबलों के रूप में बनाया जाता है। एथरटन ने कहा, 'उस मुकाबले के लिए थोड़ी समस्या है, है न? क्योंकि यह सभी तरह के कारणों से एक बहुप्रतीक्षित मुकाबला है। आंशिक रूप से, आप जानते हैं, सिर्फ कमी के कारण। वे स्पष्ट कारणों से केवल तटस्थ क्षेत्र में ICC आयोजनों में एक-दूसरे से खेलते हैं।'

उन्होंने कहा, 'लेकिन उस मैच को लेकर काफी प्रचार है। आप चाहते हैं कि क्रिकेट भी उस प्रचार के अनुरूप हो। अगर आप पिछले 10 सालों के नतीजों को देखें, तो मुझे लगता है कि पिछले 10 सालों में वे एक-दूसरे से 9 बार खेल चुके हैं। पाकिस्तान ने सिर्फ एक बार जीत हासिल की है, और वह ओवल में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में थी। इसलिए अभी यह एकतरफा मुकाबला है।'

# आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में खिलाड़ियों की सुरक्षा पर उठे सवाल

### -बांग्लादेश और न्यूजीलैंड मैच के दौरान मैदान में पहुंचा संदिग्ध आतंकी




**रावलपिंडी (एजेंसी)।** पाकिस्तान में खेली जा रही आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में खिलाड़ियों की सुरक्षा में सेंध लगाने का मामला सामने आया है। यहां सोमवार को हुए बांग्लादेश और न्यूजीलैंड मैच में एक संदिध व्यक्ति कीवी खिलाड़ी रचिन रविन्द्र तक पहुंच गया। इससे पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के कड़ी सुरक्षा रखने के दावे की पोल खुल गयी है। पीसीबी की परेशानी इसलिए भी बढ़ गयी है क्योंकि स्टेडियम में जो व्यक्ति पहुंचा था। वह प्रतिबंधित पार्टी तहरीक ए लब्बैक का समर्थक निकला। इस घटना के बाद पीसीबी ने कहा कि खिलाड़ियों की सुरक्षा को और बढ़ाया जाएगा।

चैम्पियंस ट्रॉफी को निशाना बनाने की धमकी पहले ही आतंकियों ने दी है। अब जबकि पाक टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है। ऐसे में आतंकी किसी हमले को भी अंजाम दे सकते हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी में अभी लगभग 10 मैच होने हैं। आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के प्रमुख अब्दुल कादिर मुमीम के भी अभी पाक में होने की बात सामने आयी है। हससे भी सुरक्षा बलों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार आईएसआईएस प्रमुख कादिर ने अपनी यात्रा में बलूचिस्तान में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट खुरासन प्रोविंस के आतंकवादियों से भी मुलाकात पर अभी तक सुरक्षाबल उसे पकड़ नहीं पाये हैं।

बांग्लादेश सहित कई अन्य देशों की टीमें आजकल पाक में हैं। अभी तीन मैच रावलपिंडी में, तीन मैच लाहौर में और दो मैच कराची में खेले जाने हैं। ये भी खुलासा हुआ है कि चैम्पियंस ट्रॉफी आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के निशाने पर हो सकती है। इसके बाद से ही सेना ने स्टेडियम के आसपास सुरक्षा घेरा और कड़ा कर दिया है।पाक में साल 2009 में श्रीलंकाई टीम की बस पर आतंकी हमला हुआ था। उस कारण खिलाड़ियों में डर का माहौल है।

# भारत और न्यूजीलैंड चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचे, पाकिस्तान और बांग्लादेश बाहर हुए

### -ग्रुप बी में अभी तय नहीं हुए नाम

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की टीम ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए के अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कीवी टीम की जीत के साथ ही पाकिस्तान और बांग्लादेश की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है। वहीं अपने दोनो मैच जीतने वाली भारतीय टीम भी सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। भारत और न्यूजीलैंड की टीमों ने अब तक अपने ग्रुप में 2-2 मैच खेले और दोनों में जीत दर्ज की है। वहीं दूसरी और पाकिस्तान और बांग्लादेश की टीमों अपने दोनो ही मैच हारी हैं। इस प्रकार अंक तालिका के आधार पर ये दोनो ही टीमें बाहर हो गयी हैं। वहीं भारत और न्यजीलैंड ने पहले ओर दूसरे नंबर पर रहते हुए अंतिम चार में जगह बनायी है।

भारतीय टीम ने अपने पहले मुकाबले में बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया था. इसके बाद पाकिस्तान को भी 6 विकेट से हराया। कीवी टीम ने अपने पहले ही मैच में पाक को 60 रनों से हराया था। अब ग्रुप-ए में 2 मैच और खेले जाएंगे पर इन दोनो के परिणामों से कोई अंतर नहीं पड़ेगा। ग्रुप का अगला मैच पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच 27 फरवरी को रावलपिंडी में जबकि ग्रुप का अंतिम मुकाबला भारत और न्यूजीलैंड के बीच 2 मार्च को दुबई में होगा।

वहीं न्यूजीलैंड-बांग्लादेश मैच की बात करें तो इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेशी टीम ने कप्तान नजमुल हुसैन शांतो के 77 रनों की सहायता से 9 विकेट पर 236 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को कीवी टीम ने रचिन रवींद्र के 112 रनों की सहायता से आसानी से हासिल कर लिया। इस मैच में रचिन और टॉम लेथम के बीच 129 रनों की साझेदारी हुई।

ग्रुप बी दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने एक एक मैच जीते हैं। इस प्रकार दोनों टीमें अंक तालिका में पहले और दूसरे नंबर पर हैं। वहीं इंग्लैंड और अफगानिस्तान की टीमों शुरुआती मैचों में हारी है। ऐसे में अभी सेमीफाइनल के पक्के तौर पर कुछ तय नहीं हुआ है हालांकि अब तक दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल की दौड़ में सबसे आगे हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी : ब्रायडन कार्स चोट के कारण बाहर, इंग्लैंड टीम में इस खिलाड़ी की एंट्री

दुबई : आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की इवेंट तकनीकी समिति ने ब्रायडन कार्स के प्रतिस्थापन के रूप में रेहान अहमद के नाम की इंग्लैंड को मंजूरी दे दी है। पैर की अंगुली में चोट के कारण कार्से के बाहर होने के बाद छह एक दिवसीय मैच खेलने वाले अहमद को प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया था। किसी खिलाड़ी के प्रतिस्थापन के लिए खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल करने से पहले इवेंट तकनीकी समिति की मंजूरी की आवश्यकता होती है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की इवेंट तकनीकी समिति में वसीम खान (आईसीसी महाप्रबंधक – क्रिकेट), सारा एडगर (आईसीसी वरिष्ठ प्रबंधक – इवेंट्स), उस्मान वाहला (पीसीबी निदेशक – अंतररष्ट्रीय क्रिकेट संचालन), शॉन पोलक (स्वतंत्र प्रतिनिधि) शामिल हैं। टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद इंग्लैंड इस समय ग्रुप बी में मुश्किल स्थिति में है।

इंग्लैंड टीम – जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, हैरी ब्रूक, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड, रेहान अहमद।

# अगर कप्तानी का मौका मिला तो केकेआर की अगुआई करने के लिए तैयार: वेंकटेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर का कहना है कि अगर उन्हें आईपीएल 2025 में मौका मिला तो वह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की अगुआई करने के लिए तैयार हैं। वेंकटेश को हालांकि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में किसी भी स्तर पर कप्तानी का कोई अनुभव नहीं है। गत चैंपियन केकेआर ने अभी तक अपने कप्तान की घोषणा नहीं की है। टीम इस सत्र के शुरुआती मैच में ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से भिड़ेगी।

केकेआर ने पिछले सत्र मे श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खिताब जीता था लेकिन उन्हें बड़ी नीलामी में पंजाब किंग्स ने खरीद लिया और बाद में अपना कप्तान बना दिया। वेंकटेश ने कहा, 'निश्चित रूप से, मैं तैयार हूं। मैंने हमेशा यह कहा है कि कप्तानी सिर्फ एक ठप्पा है। मैं नेतृत्व में विश्वास करता हूं। एक नेतृत्वकर्ता होने के नाते यह एक बड़ी भूमिका है। इस बारे में कोई अस्पष्टता नहीं है। अगर मुझे मौका मिलता है तो मैं निश्चित रूप से इसे करूंगा। ऐसा नहीं करने का कोई कारण नहीं है।'

वेंकटेश ने कहा कि कप्तान को अच्छा आदर्श बनकर उदाहरण स्थापित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'आपको अपने ड्रेसिंग रूम में नेतृत्वकर्ता बनने के लिए कप्तान के ठप्पे की आवश्यकता नहीं है। आपको उदाहरण स्थापित करने की आवश्यकता है। आपको मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह एक अच्छा आदर्श बनने की जरूरत है जो मैं अभी मध्य प्रदेश में कर रहा हूं।' वेंकटेश ने कहा, 'मैं मध्य प्रदेश टीम का कप्तान नहीं हूं लेकिन मेरी राय का सम्मान किया जाता है और मुझे ऐसे माहौल में रहना पसंद है जहां हर व्यक्ति - नया या अनुभवी, 20 लाख रुपये, 20 करोड़ रुपये, जो भी हो - आपको बस अपनी राय व्यक्त करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। आपको बस राय देने और सुझाव देने की स्वतंत्रता होनी चाहिए और उन्हें सही भावना से लिया जाना चाहिए।' वर्ष 2021 में केकेआर में शामिल हुए वेंकटेश को पिछले साल की नीलामी से पहले टीम ने छोड़ दिया था लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के साथ नीलामी में कड़ी टक्कर के बाद 23.75 करोड़ रुपये में वापस खरीद लिया गया। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने 51 आईपीएल मैच में 1,326 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने सभी आईपीएल मैच नाइट राइडर्स के लिए खेले हैं।

# एकदिवसीय प्रारुप में विराट सबसे बेहतर खिलाड़ी : पोंटिंग

सिडनी । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा की है। पोटिंग ने कहा कि उन्होंने अपने करियर में विराट से अच्छा बल्लेबाज नहीं देखा है। पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच में दबाव के क्षणों में विराट ने ही शतक लगाकर भारतीय पारी को संभाला था। विराट की विपरीत हालातें में खेली इस पारी को देखकर पोंटिंग को कहना पड़ा है कि एकदिवसीय प्रारुप में विराट से बेहतर कोई भी खिलाड़ी नहीं है।

पोंटिंग ने अहम अवसरों पर आगे आकर खेलने की कोहली की क्षमता और इस दौरान रिकॉर्ड तोड़ने की क्षमता को सर्वश्रेष्ठ बताया है। इस पूर्व कप्तान ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि बड़े मैच बड़े नामों के बराबर होते हैं। आपको उन बड़े अवसरों पर अपने बड़े नामों को खड़ा करने की जरूरत होती है और भारत के लिए पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बड़ा कोई मैच नहीं हो सकता। आपकी प्रतिष्ठा अंतरराष्ट्रीय मंच पर सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में आपके प्रदर्शन से बनती है। इसलिए मेरे लिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि ऐसा हुआ है। विराट को लेकर उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने मुश्किल विकेट पर पहले बल्लेबाजी की थी। इस तरह की मैच में जीतने वाली पारी खेलने के लिए शीर्ष क्रम में किसी की जरूरत थी और एक बार फिर कोहली ने इस काम को पूरा किया।

वह बोले, , दोनो टीमों का स्कोर देखें तो एक में विराट ने शतक बनाया और दूसरे में कई पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने शुरुआत हासिल की पर बड़ा स्कोर नहीं बनाया। मैंने हमेशा कहा है कि खेल के किसी भी प्रारूप में अर्धशतक से आप या आपकी टीम को कुछ नहीं मिलता। आपको बड़े स्कोर बनाने होते हैं। इस मैच में पाकिस्तान के लिए व्यक्तिगत बड़े स्कोर भी नहीं थे और ना ही बड़ी साझेदारियां थीं।

# रणजी फाइनल : फॉर्म और घरेलू परिस्थितियों के कारण विदर्भ का केरल पर पलड़ा भारी

**नागपुर (एजेंसी)।** अपने प्रमुख खिलाड़ियों की शानदार फार्म और घरेलू परिस्थितियों के कारण पूर्व चैंपियन विदर्भ की टीम केरल के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। अक्षय वाडकर की अगुवाई वाली विदर्भ की टीम ने इस सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अब तक अपने नौ मैचों में से आठ में जीत हासिल की है और एक ड्रा खेला है।



विदर्भ ने ग्रुप चरण में सात मैचों में छह मैच में जीत हासिल की। इसके बाद उसने क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु को 198 रन से और सेमीफाइनल में गत चैंपियन मुंबई को 80 रन के बड़े अंतर से हराया। विदर्भ 2017-18 और 2018-19 में रणजी चैंपियन बना था जबकि केरल की टीम पहली बार फाइनल में पहुंची है। विदर्भ की टीम चौथी बार फाइनल में पहुंची है। वह पिछले साल फाइनल में मुंबई से हार गई थी जिसकी भरपाई वह इस साल करना चाहेगी।

विदर्भ की टीम ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है। वह इस साल विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में भी पहुंची थी। विदर्भ के बल्लेबाजों ने इस सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसकी तरफ से यश राठौड़ ने 58.13 की औसत से 933 रन बनाए हैं जिसने पांच शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। कप्तान वाडकर ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है। उन्होंने 48.14 की औसत से 674 रन बनाए हैं।

अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर भी उनसे अधिक पीछे नहीं हैं। उन्होंने 45.85 की औसत से 642 रन बनाए हैं। उनके अलावा दानिश मालेवार ने 557 और ध्रुव शोरे ने 446 रन बनाकर अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। गेंदबाजी में विदर्भ के लिए 22 वर्षीय हर्ष दुबे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अभी तक 66 विकेट लिए हैं और एक रणजी सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने के रिकॉर्ड से केवल दो विकेट दूर हैं।

रिकॉर्ड बिहार के आशुतोष अमन के नाम पर है जिन्होंने 2018-19 के सत्र में 68 विकेट लिए थे। दूसरी तरफ सचिन बेबी की अगुवाई वाली केरल की टीम अगर पहली बार फाइनल में पहुंची है तो इसमें किस्मत का भी बड़ा हाथ रहा। क्वार्टर फाइनल में जम्मू कश्मीर को उसने केवल एक रन से हराया जबकि सेमीफाइनल में गुजरात के खिलाफ पहली पारी में दो रन की मामूली बढ़त के आधार पर वह फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा।

सलमान निजार और मोहम्मद अजहरुद्दीन केरल की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ हैं। निजार ने वर्तमान सत्र में अभी तक 86.71 की औसत से 607 रन जबकि अजहरुद्दीन ने 75.12 की औसत से 601 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में जलज सक्सेना केरल के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने अभी तक 38 विकेट लिए हैं। विदर्भ के पूर्व खिलाड़ी आदित्य सरवटे ने 30 विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया है।

### टीम इस प्रकार हैं

**विदर्भ :** अक्षय वाडकर (कप्तान और विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अमन मोखड़े, यश राठौड़, हर्ष दुबे, अक्षय कर्णेवार, यश कदम, अक्षय वखारे, आदित्य ठाकरे, दर्शन नालकंडे, नचिकेत भूते, सिद्धेश वाथ (विकेटकीपर), यश ठाकुर, दानिश मालेवार, पार्थ रेखाडे, करुण नायर, ध्रुव शौरे।

**केरल :** सचिन बेबी (कप्तान), रोहन कुन्नूमल, सलमान निज़ार, मोहम्मद अज़हरुद्दीन (विकेटकीपर), अक्षय चंद्रन, जलज सक्सेना, शॉन रोजर, आदित्य सरवटे, बासिल थम्पी, एमडी निधिश, नेदुमंकुझी बासिल, श्रीहरि एस नायर, शराफुद्दीन एनएम, आनंद कृष्णन, वरुण नयनार, ईडन एप्पल टॉम, अहमद इमरान।

# चेन्नई सुपर किंग्स ने श्रीधरन को बनाया सहायक कोच



मुम्बई । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम ने आईपीएल के 2025 सत्र के लिए सहायक गेंदबाजी कोच श्रीधरन श्रीराम को शामिल किया है। श्रीराम पूर्व भारतीय क्रिकेटर हैं, और उन्होंने भारतीय टीम के लिए 2000 से 2004 के बीच आठ वनडे मैच खेले थे। हालांकि उन्हें भारतीय टीम में ज्यादा मौके नहीं मिले, लेकिन घरेलू क्रिकेट में उनका प्रभाव था और वे एक शानदार ऑलराउंडर रहे हैं। श्रीराम की नियुक्ति सीएसके के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है, क्योंकि उनकी गेंदबाजी समझ और अनुभव सीएसके के बॉलर को और भी बेहतर बना सकता है। सीएसके पास महेन्द्र सिंह धोनी के अलावा रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना जैसे अहम खिलाड़ी हैं। सीएसके के प्रशंसकों में इस बार काफी उत्साह है सीएसके ने इस बार के मेगा नीमी में कई बड़े खिलाड़ी खरीदे हैं, जिनमें दिग्गज स्पिन गेंदबाज आर अश्विन का नाम प्रमुख है। अश्विन के होने से गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी। टीम के पास नए खिलाड़ी जैसे नूर अहमद, खलील अहमद, और राहुल त्रिपाठी भी हैं जिससे उसे काफी उम्मीदें हैं। सीएसके की टीम में कई अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं जिससे वह अलग-अलग परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होगी। सीएसके के प्रशंसकों के लिए यह सत्र खास होने वाला है, क्योंकि टीम ने इस बार अपनी रणनीति को और भी मजबूत किया है। टीम का लक्ष्य 2025 आईपीएल में एक और खिताब जीतना है।

**टीम इस प्रकार है -** रुतुराज गायकवाड़, पथिराना , शिवम दुबे , नूर अहमद, रविन्द्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, खलील अहमद, रचिन रवींद्र, एमएस धोनी, राहुल त्रिपाठी, अंशुल कंबोज, सैम करन।

# धवन बोले घरेलू क्रिकेट के साथ पर्याप्त आराम की भी जरुरत

दुबई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा है कि घरेलू क्रिकेट खेलना जरुरी है पर इसके साथ ही खिलाड़ी को आराम भी दिया जाना चाहिये। ऐसे में इसपर अमल करते समय संतुलित रवैया अपनाया जाना चाहिये जिससे कि खिलाड़ियों पर अनावश्यक बोझ न पड़े। हाल में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य कर दिया था। धवन ने सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट को अनिवार्य बनाने के फैसले का तो समर्थन किया पर कहा कि इसमें देखा जाना चाहिये कि खिलाड़ियों को थकान नहीं हो। धवन भारत और पाकिस्तान मैच देखने भी यहां पहुंचे थे। धवन मैच देखने के बाद भारतीय ड्रेसिंग रूम में भी गए थे। धवन ने कहा, 'यह अच्छी बात है कि मौजूदा खिलाड़ी घरेलू मैच भी खेला रहे हैं जैसे की हाल में विराट ने दिल्ली की ओर से रणजी मैच खेला था। बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद सभी खिलाड़ियों को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेलने को कहा। इसक बाद रोहित शर्मा, विराअ कोहली जैसे खिलाड़ी रणजी मैच खेलते दिखे।

# धोनी जैसा कोई व्यक्ति भी इस पाकिस्तानी टीम की मदद नहीं कर सकता: सना मीर

**कराची (एजेंसी)।** पूर्व पाकिस्तानी महिला कप्तान सना मीर ने चैंपियंस ट्रॉफी से जल्दी बाहर होने के लिए पुरुष क्रिकेट टीम की आलोचना करने वालों में शामिल होते हुए कहा कि महेंद्र सिंह धोनी जैसा भी कोई खिलाड़ी इस मुश्किल दौर से गुजर रही टीम की किस्मत नहीं बदल सकता। न्यूजीलैंड और चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से शर्मनाक हार के बाद मेजबान पाकिस्तान आठ टीमों की मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गया।

'गेम ऑन है' कार्यक्रम में मीर ने कहा, 'चैंपियंस ट्रॉफी टीम में चुने गए 15 खिलाड़ी, भले ही आप एमएस धोनी या (पूर्व पाकिस्तानी कप्तान) यूनिस खान को कप्तान बना दें कोई भी टीम के साथ कुछ नहीं कर सकता क्योंकि यह टीम खेल की परिस्थितियों के आधार पर नहीं चुनी गई है।'

मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली पाकिस्तानी टीम को दुबई में भारत से छह विकेट से मिली हार के लिए पाकिस्तान में प्रशंसकों की आलोचना का सामना करना पड़ा। 39 वर्षीय क्रिकेटर से कमेंटेटर बनी इस खिलाड़ी ने कहा, 'मैं मैच देख रही थी, तभी मुझे एक दोस्त का संदेश मिला कि भारत ने 2 विकेट पर 100 रन बना लिए हैं। इसलिए जब टीम की घोषणा की गई, तो मैंने कहा कि मैच खत्म हो गया है।'

मीर ने कहा कि पाकिस्तान ने परिस्थितियों के आधार पर टीम का चयन नहीं किया है। उन्होंने, 'जब हमने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी, तब हम आधा टूर्नामेंट हार चुके थे, और मैं यह पहले दिन से ही कह रहा हूं। वे (चयनकर्ता) जानते थे कि पाकिस्तान को दुबई में कम से कम एक मैच खेलना है, तो आप दो अंशकालिक स्पिनर कैसे लाए। अबरार (अहमद), जो अभी भी एकदिवसीय क्रिकेट में नए हैं... पिछले 5 महीनों में 165 रन देकर दो विकेट लिए हैं। चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली दो श्रृंखलाओं में खेलने वाले प्रमुख खिलाड़ियों को हटा दिया।'

उन्होंने कहा, 'अबरार ने भारत के खिलाफ 10 ओवर में सिर्फ एक विकेट लिया, हालांकि वह पाकिस्तान के गेंदबाजों में सबसे किफायती रहे और उन्होंने 28 रन दिए। इरफान (खान) नियाजी




एक अच्छे फील्डर थे, उन्होंने अच्छी पावर-हिटिंग दिखाई (दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज में)... इसलिए, जब हमने टीम की घोषणा की तो हम टूर्नामेंट हार गए।'

# पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने की टीम में बदलाव की मांग , शोएब ने बाबर को धोखेबाज बताया

### -हफीज बोले, शाहीन , हारिस और नसीम को बाहर करें

लाहौर। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के खिलाफ पाकिस्तान को मिली करारी हार के बाद ही पूर्व क्रिकेटर बेहद गुस्से में हैं। जावेद मियांदाद से लेकर शोएब अख्तर जैसे दिग्गजों ने कहा है कि टीम में बदलाव किया जाये। इन दिग्गजों का कहना है कि पाकिस्तान की टीम भारत के खिलाफ एक बार भी दबाव नहीं बना पायी। पूर्व क्रिकेटरों ने बाबर आजम की सबसे अधिक आलोचना की है। इनका कहना है कि बाबर धोखेबाज है। वह कभी भी भारतीय टीम के खिलाफ रन नहीं बनाता। वहीं पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने अभी तक टीम की हार को लेकर कोई बयान नहीं दिया है। पूर्व खिलाड़ियों ने टीम की रणनीति और योजनाओं की आलोचना की है। अकरम ने साल 2026 टी20 विश्व कप से पहले सफेद गेंद की टीम में बदलाव की मांग की है। शोएब अख्तर ने तो बाबर आजम को धोखेबाज करार दिया है। वहीं पूर्व कप्तान और कोच रहे मुहम्मद हफीज ने तीनों तेज गेंदबाजों शाहीन अफरीदी, हारिस राउफ और नसीम शाह को टीम से बाहर करने को कहा है। अकरम ने ऑफ स्पिनर अबरार अहमद के शुभमन गिल को आउट करने के बाद बाहर जाने का इशारा करने को भी गलत बताया।



# जल्द शुरू होगी सुधीर बाबू की सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म जटाधरा की शूटिंग

सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्मजटाधरा की शूटिंग पर जानकारी सामने आई है। यह मूल रूप से तेलुगु फिल्म है, जिसे पैन इंडिया स्तर पर रिलीज किया जाएगा। इसमें सुधीर बाबू मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने जा रही है। जी स्टूडियोज ने पोस्ट साझा कर बताया है कि शूटिंग अगले महीने यानी फरवरी से शुरू होगी।

### प्राचीन रहस्यों से उठेगा परदा

फिल्मजटाधरा की शूटिंग के लिए सेट हैदराबाद में सजेगा। आज इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए पोस्ट में यह जानकारी है। दरअसल, मेकर्स ने फिल्म के तीन पोस्टर शेयर किए हैं। यह हिंदी, अंग्रेजी और तेलुगु भाषाओं में हैं। इसके साथ लिखा है,इंतजार खत्म हुआ! एक खजाना खोजना है, एक अभिशाप से लड़ना है। इस सुपरनैचुरल थ्रिलर में मिथक और रहस्य मिलते हैं। फिल्म में सुधीर बाबू नजर आएंगे। शूटिंग फरवरी से शुरू होगी।

### रवीना टंडन के नजर आने की खबर

मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा कहा जा रहा है कि इस फिल्म में अभिनेत्री रवीना टंडन भी नजर आएंगी। रवीना टंडन की दक्षिण भारतीय फिल्मों की बात करें तो उन्हें यश स्टारर केजीएफ- चैप्टर 2 में भी देखा गया था, जिसमें वो नेता के रोल में नजर आई थीं। कहा जा रहा है किजटाधरा में रवीना टंडन नेगेटिव भूमिका में नजर आएंगी।

### शिविन नारंग करेंगे निर्देशन

फिल्मजटाधरा का पोस्टर बीते वर्ष अगस्त में जारी किया गया था। अब फिल्म की शूटिंग पर अपडेट आ गया है। इस फिल्म का निर्देशन शिविन नारंग कर रहे हैं। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है। इसका निर्माण प्रेरणा अरोड़ा कर रही हैं, जो इससे पहले परी, रूस्तम, पैडमैन और टॉयलेट- एक प्रेम कथा को भी बना चुकी हैं।



# प्लास्टिक सर्जरी को गलत नहीं मानती हैं खुशी कपूर

**लवयापा में नजर आने वाली अभिनेत्री खुशी कपूर ने अपने चेहरे की सर्जरी को लेकर हो रही बातों पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि पहले उन्हें इस बारे में बात करने से डर लगता था लेकिन अब वे कॉस्मेटिक सर्जरी के बारे में ज्यादा खुलकर बात करती हैं। उन्हें लगता है कि ऐसा करना कोई बहुत बड़ी बात नहीं है।**

### लोगों से नफरत मिलने का था डर

कर्ली टेल्स को दिए इंटरव्यू में खुशी कपूर ने कहा कि लोगों से नफरत मिलने के डर से पहले में इस बात को मानने में डरती थी। हालांकि, खुशी को अब लगता है कि सर्जरी करवाना कोई अपराध नहीं है और अगर कोई व्यक्ति ऐसा कुछ करता भी है तो ये कोई गलत बात है।

### नाक और होठ की करवाई सर्जरी

खुशी ने कहा कि लोगों को लगता है कि मैंने ऐसा किया। हां, लेकिन ये पूरी तरह से खूबसूरत लगता है। उन्होंने माना कि उन्होंने अपनी फिल्मी शुरुआत से पहले नाक की सर्जरी और होंठों में फिलर करवाया था। खुशी जल्द ही जुनैद खान के साथ फिल्म लवयापा में नजर आने वाली हैं।

### दिल्ली के लड़के का निभाया है किरदार

फिल्म में उन्होंने एक स्थानीय दिल्ली के लड़के का किरदार निभाना था। इसके लिए उन्होंने दिल्ली की गलियों में समय बिताया। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनके हाव-भाव और बोलचाल की भाषा को आत्मसात किया। जुनैद ने न केवल दिल्ली की बोली को समझा, बल्कि शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाकर उनके रहने के तरीके को भी महसूस किया।


### फरवरी में रिलीज होगी फिल्म

फिल्म 7 फरवरी को रिलीज होने जा रही है। इसकी रिलीज से पहले एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। कई समाचार पोर्टल में छपी खबरों की मानें तो इस फिल्म के लिए जुनैद ने काफी ज्यादा मेहनत की है। खुशी के फैंस भी उन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं।



# डेटिंग की खबरों पर रश्मिका ने लगाई मुहर

रश्मिका मंदाना अगली बार लक्ष्मण उतेकर की पीरियड ड्रामा फिल्म छावा में नजर आएंगी। वह फिल्म के प्रचार में व्यस्त हैं, इस दौरान उन्होंने हाल ही में में अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी बड़ी जानकारी दी। अभिनेत्री ने एक इंटरव्यू के दौरान रिलेशनशिप में होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि वह प्यार में हैं। हालांकि, उन्होंने अपने पार्टनर का नाम बताने से परहेज किया, वहीं अब उनके डेटिंग पार्टनर पर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। रश्मिका के बारे में खबरें है कि वह अपने डियर कॉमरेड को-स्टार विजय देवरकोंडा के साथ रिलेशनशिप में हैं। अभिनेत्री ने अपने हैप्पी प्लेस के बारे में बात की, वहां उन्होंने बताया कि वह एक पार्टनर हैं।




# इस साल गर्मियों में रिलीज होगी विक्रम की ध्रुव नचतिरम

साउथ अभिनेता चियान विक्रम इन दिनों अपनी आगामी फिल्मध्रुव नचतिरम को लेकर फिर से सुर्खियों में है। वहीं फिल्म के निर्देशक गौतम वासुदेव मेनन ने एक रोमांच जानकारी से प्रशंसकों को खुश कर दिया है।

विक्रम साउथ सिनेमा के दिग्गज निर्देशक मणिरणत्नम की फिल्म पोन्नियिन सेल्वन में ऐश्वर्या राय बच्चन के साथ अहम भूमिका से सभी का दिल जीत चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में एक इंटरव्यू में मेनन ने घोषणा की कि ध्रुव नचतिरम गर्मियों में रिलीज के लिए तैयार है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ध्रुव नचतिरम 24 मार्च 2025 को रिलीज हो सकती है।

### फिल्म ध्रुव नचतिरम की स्टार कास्ट

फिल्म ध्रुव नचतिरम में रितु वर्मा को विक्रम की प्रेमिका के रूप में दिखाया गया है। ध्रुव नचतिरम एक लंबे समय से प्रतीक्षित तमिल फिल्म है, जिसकी रिलीज का प्रशंसक इंतजार कर रहे हैं। गौतम वासुदेव मेनन द्वारा लिखित और निर्देशित इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में विक्रम और रितु वर्मा के अलावा ऐश्वर्या राजेश, राधिका सरथकुमार, अर्जुन दास, सिमरन, डीडी, आर. पार्थिबन और कई कलाकार नजर आएंगे। वही ध्रुव नचतिरम का हैरिस जयराज नेध्रुव नचतिरम का संगीत तैयार किया है। ध्रुव नचतिरम ओन्ड्रागा एंटरटेनमेंट, कोंडाडुवोम एंटरटेनमेंट और एस्केप आर्टिस्ट मोशन पिक्चर्स का संयुक्त प्रोडक्शन है।

### फिल्म की कहानी

ध्रुव नचतिरम एक जासूसी एक्शन थ्रिलर है, जिसमें कहानी जॉन (विक्रम) के इर्द-गिर्द घूमती नजर आएगी, जो न्यूयॉर्क में स्थित एक अंडरकवर एजेंट है। वह और उसकी टीम एक गुप्त ऑपरेशन में शामिल हैं, जिसका नेतृत्व मिस्टर के नाम के एक आदमी कर रहा है। जॉन और उनकी टीम तब हरकत में आती है जब बुरे लोग मिस्टर के को पकड़ लेते हैं, और उन्हें अंधेरे में छोड़ देते हैं। हमले के पीछे संगठन का मकसद क्या है?

# यह रोमांस को लेकर क्या बोल गईं पूजा हेगड़े

पूजा हेगड़े ने कुछ ही देर पहले अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ पूजा ने कैप्शन में लिखा, बस थोड़ा सा रोमांस ही काफी है। पूजा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म देवा को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। देवा में पूजा के साथ शाहिद कपूर नजर आएंगे। देवा के अलावा पूजा दलपति विजय की 69वीं फिल्म जन नायकन में नजर आएंगी। पूजा के इंस्टाग्राम पर 27.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



# मनोज बाजपेयी की फैमिली मैन 3 में नजर आ सकते हैं जयदीप अहलावत


जयदीप अहलावत की पाताल लोक के दूसरे सीजन की धमाकेदार वापसी के बाद दर्शक मनोज बाजपेयी की द फैमिली मैन के नए सीजन की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच खबर है कि दोनों अभिनेता इस सीरीज में साथ काम करते नजर आ सकते हैं।

जयदीप के किरदार को लेकर हुई बात फिल्म फेयर की एक रिपोर्ट के मुताबिक जयदीप फैमिली मैन 3 में मनोज बाजपेयी के दुश्मन की भूमिका निभा सकते हैं। शो से जुड़े एक सूत्र ने प्रकाशन को बताया, द फैमिली मैन सीजन 3 में जयदीप की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। खबरों की मानें तो उनका किरदार मनोज बाजपेयी के श्रीकांत के खिलाफ होगा और दर्शकों को स्क्रीन के इन दो दिग्गजों को एक-दूसरे से दुश्मनी निभाते नजर आ सकते हैं।

पाताल लोक 2 को मिल रही तारीफ जयदीप अहलावत को उनकी सीरीज पाताल लोक 3 को लिए चार साल के इंतजार के बाद जयदीप अहलावत पाताल लोक सीजन 2 में हाथी राम चौधरी के रूप में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए वापस आ गए हैं। निर्माताओं ने हाल ही में जयदीप अहलावत के एक दिलचस्प पोस्टर के साथ नए सीजन की। इससे पहले एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि राज और डीके द फैमिली मैन सीजन 4 को साइन करेंगे। एक सूत्र के हवाले से कहा गया था कि तीसरे सीजन की शूटिंग चल रही है, वहीं चौथे सीजन के साथ सीरीज को साइन करने के बारे में चर्चा हुई है।



# 'कृष 4' में देरी पर राकेश रोशन, नहीं चाहता लोग मुझे फ्लॉप निर्देशक के तौर पर याद रखें



**एक बड़ी म्यूजिक कंपनी ने कुछ साल पहले हिंदी सिनेमा के दिग्गज संगीतकारों के गानों के संग्रह प्रकाशित किए तो राकेश रोशन को उसमें ढूंढे से भी अपने पिता रोशन के गाने नहीं मिले। बस वहीं से नींव पड़ी नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'द रोशन्स' की।**

हिंदी सिनेमा को अपने संगीत, अपने निर्देशन और अपने अभिनय से रौशन करने वाले रोशन परिवार के दीये आज तक सबसे तेज जगमगा रहे हैं। **आपको इस शब्द की या इस नाम की अहमियत पहली बार कब समझ आई?**

मेरा असली नाम राकेश नागरथ है। मेरी पढ़ाई इसी नाम से हुई। तमाम सरकारी कागजात पर अब भी मेरा यही नाम है। ये उन दिनों की बात है जब मै फिल्मों में सहायक निर्देशक का काम तलाश रहा था। नाज सिनेमा बिल्डिंग में सारे निर्माताओँ के दफ्तर हुआ करते थे और मैं वहां काम मांगने जाता तो दफ्तर के कर्मचारियों से कहता कि साहब को बोलो, रोशन साब के बेटे आए हैं मिलने। लोग मुझे बुलाते। कुर्सी से खड़े होकर हाथ मिलाते। बड़ा सम्मान देते। इस नाम की मैंने इतनी महत्ता देखी तो इसे अपने नाम के साथ जोड़ लिया।

**ये बीते छह दशक जो बिना पिता के आपके बीते हैं, उनका संघर्ष कितनी बड़ी चुनौती रही आपके लिए?**

संघर्ष तो अब भी है। बीते 70 साल से चला आ रहा है। आगे भी चलता ही रहेगा। जीवन में संघर्ष निरंतर है। अभी बात होती है क्या बनाऊं? 'कृष 4' की बात होती है तो उसको भी बनाने पर बात होती है कि लोगों को पसंद आएगी कि नहीं, आएगी। तो चुनौती तो है, वही जीवन है।

**18 फिल्में बना चुके निर्माता राकेश रोशन के लिए क्या चुनौती हो सकती है? क्या ये चुनौती निर्देशक राकेश रोशन की फिल्म के 1000-1500 करोड़ रुपये कमाने की है?**

हमें पैसे कमाने के लिए फिल्म नहीं बनाना है। ऐसा हम कभी नहीं करेंगे। हमारा डर ये है कि लोग हमें कैसे याद करेंगे? हमने 15-16 फिल्में बनाई हैं। एक निर्देशक को लोग उसकी आखिरी फिल्म से याद करते हैं। मैं नहीं चाहता कि लोग मुझे एक फ्लॉप फिल्म के निर्देशक के रूप मे याद करें।

**आपके पिता रोशन की संगीतबद्ध फिल्म 'सूरत और सीरत' के गाने 'बहुत दिया देने वाले ने तुझको' के पहले जो बांसुरी बजती है, वही आपकी फिल्म 'करण अर्जुन' के गाने 'ये बंधन तो प्यार का बंधन है' की धुन बनी है।**

**आपको संगीत से कितना लगाव है? कभी आपने भी कोई गाना लिखा या कंपोज किया?**

'सूरत और सीरत' के गाने की जहां तक बात है, ये राजेश को पता होगा। मुझे नहीं लगता कि हमने 'सूरत और सीरत' फिल्म के किसी गाने से कोई धुन ली होगी। संगीत की बात करें तो हां, मैं गिटार बजाता हूं। पियानो बजाता हूं। फिल्मों का संगीत तो हम सब मिलकर ही तैयार करते हैं। लेकिन, अगर किसी एक गाने की ही बात करूं तो 'प्यार की कश्ती में' की धुन मेरी बनाई हुई है। ये गाना भी मेरा लिखा हुआ है।

**संगीतकार रोशन के गानों में अध्यात्म का बहुत गहरा असर दिखता है। इसके बारे में क्या कहेंगे?**

हमने हमेशा पारिवारिक फिल्में बनाई। ऐसी फिल्में जिन्हें पूरा परिवार साथ बैठकर देख सके। मैंने कभी कोई ओछी पिक्चर नहीं बनाई। हमारे गानों में एक बात होती है और हम इस पर शुरू से कायम रहे। अच्छे बोलों के साथ ही गाने बनाए। राजेश ने भी अच्छे बोलों के साथ ही गाने बनाए।

**और, इस वेब सीरीज 'द रोशन्स' को बनाने का मकसद क्या रहा?**

ये सीरीज हमने अपनी तारीफ के लिए कतई नहीं बनाई है। हमने इस सीरीज में ये बताने की कोशिश की है, हमने तब से लेकर आज तक किस तरह के संघर्ष सिनेमा में देखे हैं। अगर सबसे तारीफ ही करानी होती तो फिर इस सीरीज को बनाने का कोई मतलब ही नहीं था।

समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# फरीदाबाद में ऐसा रिकॉर्ड बनाएंगे कोई दूसरा नहीं तोड़ पाएगा : गोयल

**कैबिनेट मंत्री ने भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के लिए किया चुनाव प्रचार**

**मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी को फरीदाबाद विधानसभा में मिला जबरदस्त जनसमर्थन**



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के लिए चुनाव प्रचार में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने जनता से आह्वान किया कि फरीदाबाद में जीत का ऐसा रिकॉर्ड बनाएंगे, जिसे कोई दूसरा तोड़ नहीं पाएगा। जनता के बीच चुनाव प्रचार से यह समीकरण बन चुके हैं। यह बात उन्होंने फरीदाबाद विधानसभा के अलग अलग वार्डों में मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी व पार्षद उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार करते हुए कही। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने भाजपा की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी एवं विधानसभा फरीदाबाद के वार्ड 14 से भाजपा प्रत्याशी नरेश नंबरदार, वार्ड 31 से सैफाली सिंगला, वार्ड 32 से विनोद कुमार भाटी, वार्ड 33 से ज्योति सिलानी, वार्ड 35 से सचिन शर्मा, वार्ड 37 से मुकेश कुमार अग्रवाल, वार्ड 39 से रुमा नंबरदार सहित सभी उम्मीदवारों के लिए समर्थन मांगा। इसके अलावा वार्ड 36 से निर्विरोध पार्षद चुने गए कुलदीप साहनी के वार्ड में भी विपुल गोयल ने मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के लिए समर्थन मांगा।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने प्रवीण बत्रा जोशी के लिए वोटों की अपील करते हुए कहा कि पार्टी तो उन्हें रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रही है। अब जनता का भी यह फर्ज बनता है कि प्रवीण बत्रा जोशी का एक से एक 11 बनकर साथ दें। एक एक वोट कमल के फूल के निशान पर पोल करवायें और फ़रीदाबाद विधानसभा के सभी वार्डों से मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी के साथ यहां से भाजपा पार्षद प्रत्याशियों को भारी मत भी विजयी बनायें। भाजपा की डबल इंजन सरकार प्रदेश के हर व्यक्ति के विकास के प्रति समर्पित है और अब ट्रिपल इंजन की सरकार बनानी है। श्री गोयल ने ने हरियाणा सरकार की आम आदमी के लिए चलाई गई योजनाओं को भी सांझा किया। उन्होंने कहा कि गरीबों की शिक्षा से लेकर चिकित्सा और राशन तक फ्री कर रखा है। भाजपा सरकार ने प्रदेश में रामराज्य की स्थापना की है।

**कांग्रेस के बहकावे में ना आएं, कमल पर बटन दबाएं: प्रवीण बत्रा जोशी**

इस अवसर पर भाजपा की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राजनीतिक दल होने के साथ एक परिवार भी है। परिवार में करोड़ों सदस्य हैं। इसके बावजूद पूरे अनुशासन के साथ सभी रहते हैं। उन्होंने कहा कि इसी अनुशासन से हम सब आने वाली 2 मार्च को कमल के फूल के सामने का बटन दबाकर मजबूती देने का काम करें। उन्होंने कहा कि जीत हमारी हर हाल में होने जा रही है। अब तो वोटों के अंतर के लिए हमें मेहनत करनी है। जितने अधिक वोटों से हमारी जीत होगी, उतनी ही ताकत से हम विकास को आगे बढ़ा पाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी बहकाने के लिए घूम रही है। हमें अपने विवेक से काम लेना है। किसी के बहकावे में नहीं आना। अपना लक्ष्य कमल का फूल है और वही दिखाई देना चाहिए। हमारा भविष्य कमल के साथ सुरक्षित है। जितने कमल हम खिलाएंगे, उतने ही मजबूत हो जाएंगे।

# रितु शर्मा के जनसंपर्क अभियान से बदला वार्ड 11 का माहौल



**समाचार गेट /सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** नगर निगम के चुनाव को लेकर मात्र कुछ ही दिन शेष रह गए। जहां सभी प्रत्याशियों ने चुनाव को लेकर अपनी ताल ठोक रखी है वहीं रितु शर्मा भी वार्ड 11 से खूब मेहनत कर रही है। रितु शर्मा नगर निगम चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उतरी है जिनका लगातार जनसंपर्क अभियान करते हुए छठा दिन है। वह युवा एवं शिक्षित उम्मीदवार हैं वार्ड 11 में संपर्क अभियान करते हुए जनता ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया और उन्हें महिलाओं का सपोर्ट भी खूब मिल रहा है। रितु शर्मा ने आज डोर टू डोर व कई जनसभाओं को किया जहां उन्हें सभी वर्ग के लोगों ने अपना पूर्ण समर्थन देने का वादा किया। वार्ड 11 की जनता ने कहा की रितु शर्मा पार्षद ना बनाकर बल्कि बेटी बनकर काम करेगी, क्योंकि सभी समाज उनके साथ है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे पार्षद की आवश्यकता है जो हमारे ही बीच में रहे। और जनता की समस्या को देखकर उनका निवारण करें इस पर रितु शर्मा ने उन्हें आश्वासन देते हुए कहा मैं पार्षद ना बनकर बेटी की तरह काम करूंगी और आप सब की समस्या सुनने के लिए आप लोगों के बीच में ही रहूंगी। उन्होंने जनता से अपील की कि वह साइकिल के निशान पर आने वाली 2 तारीख को अपना कीमती वोट देकर उन्हें विजयी बनाएं ताकि वह जनता की आवाज को सरकार के सामने रख सके।

# स्कूली बच्चों को हिन्दू संस्कृति के बारे में जागरुक करना जरूरी : डा. राजेश भाटिया



**डॉ अनिल मलिक श्री सनातन धर्म महाबीर दल सी.सै. स्कूल के बच्चों ने धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि का पर्व**

**समाचार गेट/ सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्किट नंबर एक में संचालित डा. अनिल मलिक श्री सनातन धर्म महाबीर दल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के बच्चों ने नई पहल करते हुए महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया। इस दौरान जहां पूजा अर्चना की गई वहीं भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की नर्सरी से कक्षा पांच तक के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिन्हें उपस्थितजनों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारियों, मंदिर के सदस्यों व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

इस मौके पर मंदिर के प्रधान डा. राजेश भाटिया ने कहा कि आज मंदिर प्रांगण में शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया, स्कूली बच्चों की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए डा. राजेश भाटिया ने कहा कि सनातन धर्म को बढ़ावा देने के लिए स्कूली बच्चों द्वारा ऐसे आयोजन प्रत्येक स्कूल में होने चाहिए, इससे जहां बच्चों में हिन्दू धर्म के प्रति जागरुकता आएगी वहीं धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने से उन्हें मानसिक शांति की भी अनुभूति होगी। डा. भाटिया ने बताया कि कल 26 फरवरी 2025 को प्रात: 11:00 बजे महाशिवरात्रि का पर्व प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा।

कार्यक्रमानुसार तिकोना पार्क स्थित श्री वैष्णो देवी मंदिर से भोले बाबा की बारात धूमधाम से सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी, जहां विधि विधान के साथ भोले बाबा और पार्वती जी का विवाह होगा। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में लोग अपनी भागेदारी निभाते हुए भगवान शिव शंकर का गुणगान करेंगे। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह इस आयोजन में अपने परिजनों सहित पहुंचकर पुण्य के भागी बने और शिवरात्रि के पर्व को धूमधाम से मनाए। आज के कार्यक्रम के अंत में मंदिर प्रांगण में आए सभी लोगों के लिए प्रसाद का भी वितरण किया गया।

इस अवसर पर डॉ अनिल मलिक श्री सनातन धर्म महाबीर दल की संपूर्ण कार्यकारिणी उप प्रधान–मोक्षित भाटिया, सचिव–जनक भाटिया, महासचिव–मनोज कुमार रतड़ा, कोषाध्यक्ष–सचिन भाटिया, कार्यकारिणी सदस्य रंजय भाटिया एवं सदस्य रिंकल भाटिया, अमित नरूला, भरत कपूर, आशीष अरोड़ा, शिवम तनेजा, अजय शर्मा, संदीप भाटिया, बिट्टू डंग, जतिन बांगा, तथा स्कूल के अध्यापकगण में निशि अदलखा, सोनिया अरोड़ा, सुमन अरोड़ा, नीतू भाटिया, रेखा जोहरा, नीलम सचदेवा, अनु भटिया, प्रवेश भाटिया, अशोक बैसला, रजनी बजाज, संदीप कौर, मोनिका, मान्या रतड़ा, चाहत–कुनाल नागी, नेहा चौहान, शोभा शर्मा, इंदु देशवाल, कुमारी हिमानी, विकास शर्मा, रजनी खस, रेखा वाधवा, सीमा भाटिया, सुनीता गगर, मोनिका, व गगन अरोड़ा शामिल रहे।

# दीपालय चिल्ड्रंस होम में 'स्वास्थ्य सखी: मासिक धर्म स्वच्छता' जागरूकता शिविर आयोजित



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश – सह– अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुशील कुमार के निर्देशानुसार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट–सह–सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नेहा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को नूंह के दीपालय चिल्ड्रेन होम में स्वास्थ्य सखी: मासिक धर्म स्वच्छता विषय पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट–कम–सचिव, नेहा गुप्ता ने किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता और उससे जुड़ी स्वास्थ्य देखभाल के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म एक स्वाभाविक प्रक्रिया है और इससे जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को दूर करना आवश्यक है। उन्होंने दीपालय चिल्ड्रंस होम, नूंह में किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जानकारियां प्रदान कीं और खुले संवाद के माध्यम से समाज में व्याप्त वर्जनाओं को तोड़ने पर बल दिया। शिविर के दौरान किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के लिए जरूरी टिप्स दिए गए और उन्हें अपनी सेहत का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत 20 लड़कियों को नि:शुल्क सेनेटरी नैपकिन्स के पैकेट वितरित किए गए, जिनमें प्रत्येक पैकेट में 48 नैपकिन्स थीं। नेहा गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता शिविर किशोरियों को स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं और उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने किशोरियों से मासिक धर्म से जुड़ी किसी भी समस्या पर खुलकर बात करने और सही स्वास्थ्य प्रथाओं का पालन करने की अपील की।

## एसडीएम ने झिमरावट में अवैध खनन की गतिविधियों का किया निरीक्षण



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** एसडीएम फिरोजपुर झिरका लक्ष्मी नारायण ने मंगलवार को फिरोजपुर झिरका स्थित लघु सचिवालय, उपमंडल कार्यालय, तहसील कार्यालय, पोस्ट ऑफिस, खजाना कार्यालय, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, बागवानी, रोजगार कार्यालय, सहकारिता समिति, महिला बाल विकास विभाग, पशु पालन विभाग इत्यादि का औचक निरीक्षण किया और गैर हाजिर पाए गए अधिकारियों/कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। एसडीएम ने कहा कि सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्यालय में समय पर आना चाहिए, ताकि जनता के कार्यों व समस्याओं का उचित समाधान सुनिश्चित हो। इसके बाद उन्होंने दोपहर के समय माइनिंग, वन विभाग के अधिकारियों व इंफोर्समेंट ब्यूरो के अधिकारियों के साथ गांव झिमरावट के पहाड़ में हो रही अवैध माइनिंग बारे औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर एसडीएम द्वारा वन विभाग के अधिकारियों को अवैध माइनिंग में प्रयोग किए जाने वाले अवैध रास्तों को खुदवाकर बंद करने बारे तथा माईनिंग व पुलिस को अवैध माईनिंग में संलिप्त व्यक्तियों, वाहनों की पहचान कर उन पर नियमानुसार एफ.आई.आर. व मुकदमा दर्ज बारे निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कड़ी कार्यवाही की जाए, ताकि अवैध खनन की सभी संभावनाओं को खत्म किया जा सके। एसडीएम ने दोपहर बाद नगीना में बन रहे राजस्व विभाग के भवनों, सब तहसील कार्यालय नगीना, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय नगीना व फिरोजपुर झिरका में बन रही राजस्व विभाग की इमारतों का भी निरीक्षण किया और मौके पर पाई गई अनियमित्ताओं को दुरूस्त करने बारे संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन कार्यालयों में गैर हाजिर पाए गए अधिकारियों व कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किए।

## आर.पी.सी.ए लीजेंड ने क्रेज़ी इलेवन को 11 रन से हराया




**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** 26वां रविंदर फागना सैटरडे मिक्स कॉरपोरेट कप 2025, रविंदर फागना क्रिकेट ग्राउंड भूमि पाली फरीदाबाद पर खेला गया। और यह मैच आर.पी. सी.ए लीजेंड ओर क्रेज़ी इलेवन के बीच खेला गया। इस मैच में आर.पी. सी.ए लीजेंड ने क्रेज़ी इलेवन को 11 रन से हराया। यह मैच 20 ओवर का था और आर.पी. सी.ए लीजेंड ने पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। आर.पी. सी.ए लीजेंड टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 202 रन का लक्ष्य दिया। आर.पी. सी.ए लीजेंड की ओर से पहले बल्लेबाजी करते हुए हेमंत ने 30 गेंदों पर 9 चौके, की मदद से 48 रन, देव चौधरी ओर दीपक राठी ने 2828 रन बनाए। क्रेज़ी इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए दक्ष सेतिया ने 4 ओवर में 38 रन देकर 3 विकेट, राघव नरूला ने 3 ओवर में 28 रन देकर 3 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए क्रेज़ी इलेवन टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 191 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। क्रेज़ी इलेवन की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कार्तिक ने 56 गेंदों में 13 चौक 2 छक्के की मदद से 97 रन, नीरज वर्मा ने 42 गेंदों में 3 चौके 5 छक्के की मदद से 68 रन बनाए। आर.पी. सी.ए लीजेंड की ओर से गेंदबाजी करते हुए सुशील अरोड़ा, दीपक राठी ओर संयम सिंह ने 22 विकेट लिया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच दीपक राठी को घोषित किया गया और फाइटर ऑफ द मैच कार्तिक को घोषित किया।

# नूंह की महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं पर किया जा रहा तेजी से कार्य : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला में कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है, जिनके पूरा होने पर जिला नूंह के लोगों को बड़े स्तर पर इनका लाभ मिलेगा। इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर–248ए को फोरलेन बनाने, खेलों के लिए जिला खेल स्टेडियम की सुविधाएं उपलब्ध करवाने, ड्राइविंग स्कूल के निर्माण का कार्य शुरू करवाने, जंगल सफारी बनाने, ट्रामा सेंटर बनाने, पुन्हाना में पशु चिकित्सालय का निर्माण आदि शामिल हैं। इसके अलावा 40 से अधिक सीएम घोषणााओं को पूरा करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है।

उपायुक्त मंगलवार को यह जानकारी मासिक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देने के दौरान दी। उन्होंने कहा कि जिला से संबंधित सभी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर सकारात्मक प्रगति के तहत कार्य किया जा रहा है। जिला में आगामी शिक्षा सत्र के दौरान सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा, ताकि स्कूलों में ड्राप आउट मामलों में कमी लाई जा सके। इसके लिए जिला प्रशासन, ग्राम पंचायतें, स्थानीय लोगों, एनजीओ आदि का सहयोग लिया जाएगा तथा इसके लिए अधिकतम आईईसी गतिविधियां भी चलाई जाएंगी और स्कूलों की जिम्मेदारी भी निर्धारित की जाएगी। अभी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि पहले वे जिला नूंह का रिजल्ट बेहतर बनाने की दिशा में मेहनत से कार्य करें तथा बोर्ड की परीक्षाओं का परिणाम में जिला नूंह प्रदेश के प्रथम 10 जिलों में जरूर शामिल हो। अध्यापकों की कमी के गेप को भरने के लिए आगामी सत्र में सरकार की अनुमति के बाद शिक्षा सहायकों की नियुक्ति की जाएगी, ताकि बच्चों को सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा मिल सके। इसके अलावा एमडीए के माध्यम से स्कालरशिप भी दी जाएगी, जिसका ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है, ताकि पैसे के अभाव में बच्चे स्कूल आना न छोड़े। स्कूलों से बाहर गए बच्चों को पुन: स्कूलों में लाने का प्रयास किया जाएगा।

उपायुक्त ने कहा कि रमजान के पवित्र महीने में लोगों को सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार कल महाशिवरात्रि के पावन पर्व के आयोजन के संबंध में भी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य मुख्य सड़क मार्गों से अतिक्रमण को हटाया जाएगा, ताकि सड़क दुर्घटनाएं न हों। सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में भी इन मुद्दों को हल किया जाता है। जो व्यक्ति बार–बार अतिक्रमण कर रहा है और उसके कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं, तो संबंधित के खिलाफ भी आपराधिक मामला दर्ज करवाया जाएगा, इसलिए दुकानदारों व रेहड़ी–फड़ी वालों को अतिक्रमण नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला के सभी गांवों में बिजली–पेयजल की निर्बाध आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं। जिन गांवों में बिजली–पानी के अवैध कनेक्शन हैं, वहां पर इंफोर्समेंट ब्यूरो द्वारा भी कार्यवाही की जाएगी, इसलिए जिलावासियों को पानी के अवैध कनैक्शनों से बचना चाहिए, ताकि सभी घरों में जरूरत अनुसार पानी पहुंच सके।

**सीएम विंडो की शिकायतों के निवारण में जिला प्रथम**

उपायुक्त ने पत्रकारों को जानकारी दी कि सीएम विंडो पोर्टल पर जिला के विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों के निवारण में जिला नूंह प्रथम स्थान पर रहा है। इसके लिए सभी विभागों के बेहतर कार्य किया है। पिछले महीनों में जिला नूंह पूरे प्रदेश में काफी पीछे था, लेकिन इस बार जिला नूंह प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा।

**नीति आयोग से मिला 3 करोड़ रुपए की राशि का अवार्ड**

उपायुक्त ने बताया कि आंकाक्षी जिला नूंह को नीति अयोग की ओर से 3 करोड़ रुपए की राशि का अवार्ड मिला है। इस राशि से कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे, जिससे जिला नूंह के लोगों को इनका लाभ मिलेगा। जल्द ही इस राशि के खर्च के प्रस्ताव तैयार कर आगामी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर एसीयूटी अनिरूद्ध यादव भी उपस्थित थे।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों का कराये पंजीकरण : विश्राम कुमार

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार ने कारीगरों, उद्यमियों और कुशल व्यक्तियों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की है। इस योजना के तहत 3 लाख रुपए तक ऋण और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाता है, ताकि कारीगर व उद्यमी आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें और अपने व्यवसाय को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने में सक्षम हो सकें। उपायुक्त मंगलवार को जिला प्रशासन, एमएसएमई विभाग के अधिकारियों के साथ पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन और श्रमिकों के पंजीकरण पर गंभीरता से कार्य किया जाए। इस योजना का लाभ दिलाने के लिए श्रमिकों का पंजीकरण जरूर कराएं। पंजीकरण करने वाले श्रमिकों के व्यवसाय को ग्राम स्तर पर सरपंच और शहरी क्षेत्र में नगरपालिका व नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी द्वारा वेरीफाई किया जाए। अगर कोई व्यक्ति इस योजना के तहत पात्र हैं तो उन्हें योजना का लाभ पाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। वे नजदीकी सीएससी पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के बाद उसकी वेरिफिकेशन होगी। इस योजना में लाभार्थी को मंत्रालय द्वारा 15 दिनों का प्रशिक्षण प्राप्त करने के पात्र होंगे और इसके तहत 500 रुपये प्रतिदिन का वजीफा वितरित किया जाएगा। सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत विश्वकर्मा समुदाय से संबंध रखने वाले पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को टूल किट खरीदने के लिए 15000 रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी।